
दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा से एक साथ प्रकाशित
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 11 | अंक : 279 टोंक | सोमवार,24 जून, 2024 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष तृतीया संवत्-2081 भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## नई सरकार का पहला संसद सत्र आज से

### स्पीकर का होगा चुनाव, सरकार बहुमत साबित करेगी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** नई लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू होगा जो 3 जुलाई तक चलेगा। 10 दिन में कुल 8 बैठकें होंगी। सबसे पहले प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब राष्ट्रपति भवन जाकर शपथ लेंगे। इसके बाद वे सुबह 11 बजे लोकसभा पहुंचेंगे। शुरुआत के दो दिन, यानी 24 और 25 जून को प्रोटेम स्पीकर नए सांसदों को शपथ दिलाएंगे। इसके बाद 26 जून को लोकसभा स्पीकर का चुनाव होगा। 27 जून को राज्यसभा का 264वां सत्र शुरू होगा। इसी दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा-राज्यसभा को संयुक्त रूप से संबाधित करेंगी। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी बोलेंगे। सत्र के आखिरी दो दिन राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सरकार धन्यवाद प्रस्ताव लाएगी और दोनों सदनों में चर्चा होगी। 10 साल बाद पहली बार पीएम मोदी के सामने मजबूत विपक्ष होगा।

#### जेल में बंद सांसद ऐसे शपथ लेंगे

जेल में बंद निर्वाचित प्रतिनिधियों को शपथ लेने के लिए पैरोल दी जाती है। इसके लिए संसद सचिवालय की तरफ से पहले जेल प्रशासन को सूचना देनी पड़ती है। इसमें बताया जाता है कि शपथ लेने वाला सांसद आपकी जेल में बंद है, उसे संसद में आकर शपथ लेने की परमिशन दी जाए। शपथ लेने के बाद सांसद वापस जेल चले जाते हैं। हालांकि, उनको लिखित में स्पीकर को जानकारी देनी होती है कि वे सदन की कार्यवाही में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

#### टकराव की आशंका

भाजपा स्पीकर पद पर सहमति के लिए विपक्ष को अपने कैंडिडेट का नाम प्रस्तावित करेगी। अगर विपक्ष सहमत नहीं हुआ तो अपना उम्मीदवार उतारेगी। ऐसी परिस्थिति में स्पीकर के लिए चुनाव करना पड़ेगा।

#### 1-3 जुलाई तक संसद के दोनों सदनों में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा

राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद संसद के दोनों सदनों में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। विपक्ष नीट परीक्षा गड़बड़ी, यूजीसी नेट एग्जाम कैंसिलेशन और अग्निवीर योजना को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश करेगा। इसके बाद प्रधानमंत्री संसद के दोनों सदनों में, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देंगे।

## मानसून छायाः अरुणाचल में बादल फटा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में रविवार सुबह 10.30 बजे बादल फटने से बाढ़ जैसे हालात बन गए। अधिकारियों ने बताया कि कई जगहों पर लैंड स्लाइड हुआ। लोगों को वहां न जाने की सलाह दी गई है। वहीं, नेशनल हाइवे-415 पर जलभराव होने से कई वाहन फंसे हुए हैं।

उधर, असम में करीब एक हफ्ते से बारिश हो रही है। सरकार के अधिकारियों ने 22 जून को बताया कि बाढ़ से 19 जिलों में करीब 4 लाख लोग प्रभावित हैं। इस साल बाढ़ और लैंडस्लाइड से मरने वालों का आंकड़ा 37 हो गया है। बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए सरकार ने 100 रिलीफ कैंप लगाए हैं। राहत सामग्री देने के लिए 125 सेंटर बनाए हैं। मौसम विभाग मध्य प्रदेश समेत 11 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इनमें मध्य प्रदेश का मालवा इलाके के अलावा गोवा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने मानसून के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में आने वाली बाढ़ से निपटने की तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक की। इसमें गृह, जल संसाधन, नदी विकास, पृथ्वी विज्ञान, पर्यावरण, सड़क परिवहन मंत्रालयों और विभागों के सचिव, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष, हृष्ठ्रू के अधिकारी शामिल हुए।

#### 3 जुलाई तक दिल्ली-पंजाब तक छा जाएगा

मानसून महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, गुजरात-महाराष्ट्र के कुछ हिस्से, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और पश्चिम बंगाल पहुंच चुका है। 3-4 दिन में इन राज्यों को पूरी तरह कवर कर लेगा। 27 जून तक मानसून दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में एंट्री ले सकता है और 3 जुलाई तक इन राज्यों को पूरी तरह कवर करके आगे बढ़ेगा। मानसून के साथ ही कुछ राज्यों में तेज गर्मी का दौर भी जारी है। पंजाब और दिल्ली में 25 जून तक हीटवेव का अलर्ट है।



### यहां प्री-मानसूनः जयपुर-उदयपुर में तेज बारिश

जयपुर(बढ़ता राजस्थान)

राजस्थान में प्री-मानसून बारिश का दौर जारी है। रविवार दोपहर करीब 2 बजे जयपुर के कुछ इलाकों में तेज बारिश हुई। उदयपुर के सेमारी कस्बे में दोपहर 3.30 बजे तेज बरसात हुई। रविवार को 17 जिलों में आंधी-बारिश का येलो अलर्ट था। मौसम विभाग ने राजस्थान में अगले 2 से 3 दिन तक लगातार बारिश होने का अनुमान जताया है। कोटा और उदयपुर के आसपास के जिलों में अच्छी बारिश होने के आसार हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान बाड़मेर, जालोर, जैसलमेर, जोधपुर, पाली, अजमेर, टोंक, भीलवाड़ा, भरतपुर, धौलपुर, उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, चित्तौड़ और राजसमंद में बारिश हुई। कोटा संभाग में लगातार हो रही बारिश से बरसाती नदियों का जल स्तर बढ़ गया है।



## रविन्द्र भाटी को जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**बाड़मेर( नि.स. )।** बाड़मेर के शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी को सोशल मीडिया (एक्स) पर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को गुजरात से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने 15 मई को धमकी भरा वीडियो अपलोड किया था। अहमदाबाद क्राइम पुलिस ने शनिवार को उसे कालुपुर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया। फिलहाल अहमदाबाद पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने बताया कि शनिवार को विधायक को धमकी देने वाले किशनलाल उर्फ केशाराम को कालुपुर रेलवे स्टेशन से पकड़ा है। यह गिड़ा थाने में दर्ज लूट मामले में वांटेड है। आरोपी बालोतरा के गिड़ा थाना इलाके के गांव परेऊ का रहने वाला है। गिड़ा थाने में वह लूट के एक मामले में वांटेड है। पुलिस को उसने बताया कि गिड़ा इलाके में एक बाइक की सीट के नीचे पिस्तौल व कारतूस हैं। इसके बाद अहमादाबाद पुलिस के कहने पर गिड़ा पुलिस ने लोकेशन पर जाकर पिस्तौल-कारतूस बरामद किए।

## इसरो के रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल की तीसरी सफल लैंडिंग

### तेज हवाओं के बीच 4.5 किमी की ऊंचाई से पुष्पक रिलीज किया, रनवे पर ऑटोमेटिक लैंडिंग

बेंगलुरु(एजेंसी)



इसरो ने 23 जून को लगातार तीसरी बार रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल लैंडिंग एक्सपेरिमेंट (एलईएक्स) में सफलता हासिल की है। पुष्पक ने तेज हवाओं के बीच एडवांस ऑटोनॉमस कैपेबिलिटी का इस्तेमाल करते हुए सटीक होरिजोंटल लैंडिंग की। कर्नाटक के चित्रदुर्ग में सुबह 07:10 बजे लैंडिंग एक्सपेरिमेंट के तीसरे और फाइनल टेस्ट को अंजाम दिया गया है। पहला लैंडिंग एक्सपेरिमेंट 2 अप्रैल 2023 और दूसरा 22 मार्च 2024 को किया गया था। आरएलवी एलईएक्स-01 और आरएलवी एलईएक्स-02 मिशन की सक्सेस के बाद आरएलवी एलईएक्स-03 में और ज्यादा चैलेंजिंग कंडीशन्स में ऑटोनॉमस लैंडिंग कैपेबिलिटी का प्रदर्शन किया गया।

#### चिनूक हेलिकॉप्टर से 4.5 किमी की ऊंचाई से छोड़ा गया पुष्पक

चित्रदुर्ग के एरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में पुष्पक को इंडियन एयरफोर्स के चिनूक हेलिकॉप्टर से 4.5 किमी की ऊंचाई तक ले जाया गया और रनवे पर ऑटोनॉमस लैंडिंग के लिए छोड़ा गया। एलईएक्स-2 एक्सपेरिमेंट के दौरान 150 मीटर की क्रॉस रेंज से पुष्पक रिलीज किया गया था जिसे इस बार बढ़ाकर 500 मीटर किया गया था। इसके अलावा हवाएं भी काफी तेज थी।

पुष्पक ने क्रॉस रेंज करेक्शन मनुवर को एग्जीक्यूट करते हुए होरिजोंटल लैंडिंग को सटीकता से अंजाम दिया। जब पुष्पक को हेलिकॉप्टर से छोड़ा गया था, तब उसकी लैंडिंग वेलोसिटी 320 किमीप्रतिघंटा से ज्यादा पहुंच गई थी। ये वेलोसिटी कॉमर्शियल एयरक्राफ्ट की 260 किमीप्रतिघंटा और फाइटर एयरक्राफ्ट की 280 किमीप्रतिघंटा की वेलोसिटी से ज्यादा है। टचडाउन के बाद इसकी वेलोसिटी को घटाकर 100 किमीप्रतिघंटा तक लाया गया।

पुष्पक में लगे ब्रेक पेराशूट की मदद से वेलोसिटी को घटाया गया था। इसके बाद लैंडिंग गियर ब्रेक को लगाया गया और रनवे पर व्हीकल को रोका गया। पुष्पक ने रनवे पर खुद को स्टेबल रखने के लिए रडर और नोज व्हील स्टेयरिंग सिस्टम का इस्तेमाल किया।

## मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव-2024 व्यापक स्तर पर मनाया जाए : मुख्य सचिव



जयपुर (बढ़ता राजस्थान)

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने रविवार को शासन सचिवालय में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव 2024 की तैयारियों के संबंध में बैठक ली और अधिकारियों को दिशा निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने बताया कि 29 जून 2024 को राज्य भर में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 20 हज़ार से अधिक नवनियुक्त कार्मिक शामिल होंगे। महोत्सव में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा नव नियुक्त राजकीय कार्मिकों के उत्साह-वर्धन के लिए उन्हें संबोधित करेंगे तथा चयनित कार्मिकों से संवाद भी करेंगे। पंत ने आयोजन के सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान किये तथा उनसे सुझाव भी लिए। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जयपुर में मानसरोवर स्थित टैगोर इंटरनेशनल स्कूल के ऑडिटोरियम में किया जाएगा। जिला स्तर पर महोत्सव के आयोजन के लिए स्थान का चयन जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा। यह उत्सव सरकार के रोजगार प्रदान करने के प्रयासों का ही परिणाम है।

मुख्य सचिव ने बताया कि मुख्यमंत्री रोज़गार उत्सव में उपस्थित सभी कार्मिकों को उपस्थिति प्रमाण पत्र के अलावा वेलकम किट का वितरण किया जायेगा।

उन्होंने अधिकारियों से नवनियुक्त राजकीय कार्मिकों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## मायावती ने भतीजे आकाश को फिर उत्तराधिकारी बनाया

बढ़ता राजस्थान

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को फिर से अपना उत्तराधिकारी बना दिया। साथ ही नेशनल कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी भी सौंप दी। आकाश अब पूरे देश में पार्टी का काम देखेंगे। रविवार (23 जून) को बसपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मायावती ने इसका ऐलान किया। आकाश भी बैठक में शामिल हुए। उन्होंने मायावती के पैर छुए तो उन्होंने सिर पर हाथ रखा।

फिर पीठ थपथपाकर आशीर्वाद दिया। मायावती ने लोकसभा चुनाव के बीच 7 मई यानी 47 दिन पहले आकाश को अपरिपक्व (इम्मैच्योर) बताते हुए पार्टी के सभी अहम पदों से हटा दिया था। बसपा प्रमुख ने कहा-आकाश मेरे एकमात्र उत्तराधिकारी रहेंगे। मुझे उम्मीद है कि अब वह परिपक्कव नेता के रूप में जरूर उभरेंगे। पार्टी के लोग भी इनका हौसला बढ़ाएंगे, ताकि आकाश आगे चलकर मेरी उम्मीदों पर खरा उतरें। लोकसभा चुनाव में हार के बाद मायावती ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की पहली बैठक बुलाई। यह 3 घंटे तक चली। मायावती ने इसमें उप-चुनाव समेत आगामी सभी चुनाव लड़ने की बात भी कही। यानी अब यूपी विधानसभा की 10 सीटों पर होने वाले उप-चुनाव पर भी पार्टी अपने प्रत्याशी उतारेगी।

## छत्तीसगढ़ः नक्सलियों ने पुलिस ट्रक उड़ाया, 2 जवान शहीद, कई घायल

### बीजापुर-सुकमा बॉर्डर पर उस समय हुआ हमला जब राशन लेकर कैंप जा रहे थे

बढ़ता राजस्थान



**सुकमा/बीजापुर( एजेंसी )।** छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर बॉर्डर पर रविवार को नक्सलियों ने सिलगेर और टेकलगुडम के बीच पुलिस फोर्स के ट्रक को ब्लास्ट कर उड़ा दिया। ब्लास्ट में दो जवान शहीद हो गए। जानकारी के अनुसार, जगरगुंडा क्षेत्र स्थित सिलगेर कैंप से 201 कोबरा वाहिनी के जवानों का रोड ओपनिंग ड्यूटी के दौरान ट्रक और बाइक से टेकलगुडेम की ओर था। वहां रास्ते में नक्सलियों ने विस्फोटक प्लांट कर रखा था। बताया जा रहा है कि दोपहर करीब 3 बजे जैसे ही जवानों से भरा ट्रक वहां से निकला, चपेट में आ गया। ब्लास्ट के चलते ट्रक का चालक जवान विष्णु आर और सह चालक जवान शैलेंद्र शहीद हो गए। बाकी जवान सुरक्षित बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये जवान राशन लेकर जवान कैंप जा रहे थे। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में 2 दिन पहले नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के कैंप पर हमला किया था, जिसका अब एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में जवान हाथ में हथियार पकड़े इधर-उधर भागकर मोर्चा संभालते नजर आ रहे हैं। नक्सलियों ने जवानों पर बम दागे, जिसमें एक जवान बाल-बाल बचा।

VARDHAMAN
DENTAL HOSPITAL
Dr. Amit Kant Jain
Dental Surgeon
Mobile : 9829422290
Dr. Meha Jain
Dental Surgeon
Mobile : 9983039253
Medical History : • Asthema • Hypertension • Diabeties
• Pregnancy/Breast Feeding • Hospitalization/Surgery • Drug Allergy

Dental Laser | Digital X-ray(RVG) | Fix Braces | Zirconia Crowns
• 71/44 Opp. Kala Color Lab, Madhyam Marg, Mansarovar, Jaipur
• 114/415 Agarwal Farm, Mansarovar, Jaipur

## सम्पादकीय

# राजस्थान में पेपर लीक का मुद्दा बनाने वालों की चुप्पी संदेहजनक

राजस्थान में पिछले साल दिसम्बर में हुआ विधानसभा चुनाव पेपरलीक के मुद्दे पर लड़ा गया था। भाजपा ने जबरदस्त मुद्दा बनाया जिसमें बताया गया कि राज्य की युवा पीढ़ी के साथ कांग्रेस सरकार ने बहुत बुरा किया है। हर पेपर लीक हुआ है। आदि आदि। लेकिन अब जब पूरे देश में पेपर लीक होने की खबरें आ रही है तो वही भाजपा केन्द्र में बैठकर चुप्पी साधे है। राजस्थान के भाजपा नेता भी दम साधे सारा खेल देख रहे हैं। बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में पेपर लीक के संगठित अपराधी पकड़े जाने के बाद इस तरह की चुप्पी संदेहजनक है और आपत्तिजनक है। लगता है परीक्षाओं के पेपर लीक होना और उसके बाद उनका रद्द होना राष्ट्रीय समस्या बन गया है। यह काला धंधा देश के किसी एक राज्य तक सीमित नहीं रहा,बल्कि कई राज्यों में इसकी छाया पड़ चुकी है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार, गुजरात, उत्तराखंड, हरियाणा, उड़ीसा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, असम, अरुणाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, झारखंड, देश के इन 15 राज्यों में पिछले पांच सालों में 41 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं। बस राज्य और परीक्षा का नाम बदलता है, पेपर लीक गिरोह और माफिया के कारनामे वहीं रहते हैं। पेपर लीक और नकल देश में उद्योग का रूप ले रहा है और इससे करोड़ों रुपए कमाए जा रहे हैं। सारे साल मेहनत करने वाले उन बच्चों पर क्या गुजरती होगी, जब परीक्षा के कुछ दिन या कुछ घंटे पहले पेपर लीक होने के कारण परीक्षा रद्द होने की खबर मिलती होगी। या उस हाल में उन पर क्या बीतती होगी,जब परीक्षा देने के बाद उसे कामयाब होने की उम्मीद होती हो, लेकिन परिणाम आने से पहले नाउम्मीदी के बादल इस रूप में आकर फटते हो कि पेपर आउट होने या नकल के कारण परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। महीनों की मेहनत पर इस तरह पानी फिरने से उनमें निराशा और अवसाद (डिप्रेशन) भी आता है,जो कुछ मामलों में आत्महत्या की हद तक पहुंच जाता है। लगातार और कई राज्यों में पेपर लीक होने के कारण अब तो परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता, निष्पक्षता और पारदर्शिता ही सवालों और संदेह के घेरे में है। ये भी आशंका होने लगी है कि जिस तरह से घटनाएं अब सामने आ रही है, क्या पहले भी वह होती रही है? आज मीडिया और सोशल मीडिया की सक्रियता के कारण जो सामने आ रहा है, हो सकता है वह पहले भी होता रहा हो,लेकिन दबा-छिपा ही रहा हो। इसका कारण यह भी है कि कई स्थानों पर चयन करने वाली संस्थाओं के ही लोग पेपर लीक और नकल के मामलों में शामिल पाए गए हैं। राजस्थान लोक सेवा आयोग के एक सदस्य बाबू लाल कटारा ने खुद वरिष्ठ शिक्षट भर्ती परीक्षा का पेपर लीक किया था। केंद्र सरकार भी लगातार पेपर लीक होने और परीक्षा रद्द होने के कारण हरकत में आ गई है। पेपर लीक होने पर 10 साल की जेल और एक करोड़ रुपए तक का जुर्माना लगाने वाला कानून लागू कर दिया गया है। राजस्थान में ये कानून पिछली कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पहले ही लेकर आ गए थे। जो केंद्र के कानून से भी सख्त है। इसमें आजीवन कारावास, प्रॉपर्टी अटैचमेंट और 10 करोड़ रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। लेकिन क्या कानून से यह सब रूक सकेगा?

# दक्षिण अफ्रीका चुनावों में भारतवंशियों ने गाड़े झंडे

**दक्षिण अफ्रीका की संसद के लिए हुए हालिया चुनाव में भारतीय मूल के बहुत से उम्मीदवार विभिन्न राजनीतिक दलों से अपना भाग्य आजमा रहे थे। उन्होंने संसद और प्रांतीय असेबलियों में भी जीत दर्ज की। मेरगन शेट्टी लगातार तीसरी बार संसद के लिए चुने गए। क्वाजुलू-नाटाल प्रांतीय विधानसभा की सदस्य शारा सिंह ने राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश किया और संसद सदस्य बन गईं। शेट्टी संसद में डेमोर`टिक एलायंस (डीए) के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले भारतीय मूल के सदस्य बताए जाते है। उन्होंने पहले 2006 में पीटरमारिट्ज़बर्ग नगर परिषद का प्रतिनिधित्व किया था।**

आर.के. सिन्हा।



भारत के लोकसभा चुनावों के नतीजे बीती 4 जून को आए और दक्षिण अफ्रीका के उससे मात्र दो दिन पहले 2 जून को। दोनों देशों में मिली-जुली सरकारें बन गई हैं। दक्षिण अफ्रीका से भारत सिर्फ इसलिए ही अपने को भावनात्मक रूप से जोड़कर नहीं देखता है, क्योंकि वहां लगभग 21 सालों तक गांधी जी रहे। वहां रहकर उन्होंने भारतवंशियों और बहुसंख्यक अश्वेत आबादी के हक में लड़ाई लड़ी। दक्षिण अफ्रीका भारत के लिए इसलिए भी विशेष है, क्योंकि वहां पर करीब 15-16 लाख भारतवंशी बसे हुए हैं। संसार के शायद ही किसी अन्य देश में इतने भारतवंशी हों। दक्षिण अफ्रीका में भारत मूल के लोग जीवन के हर क्षेत्र में अपनी ठोस उपस्थिति दर्जा करा रहे हैं। शारा सिंह ने संसद में चुने जाने के बाद स्थानीय सरकार की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। डीए के संसद के लिए 87 सदस्य चुने गए हैं। इनमें से चार भारतीय मूल के हैं। इस बीच, ए. सरूपेन ने लगातार दूसरी बार संसद के चुनाव में जीत हासिल की। सरूपेन के पूर्वज उत्तर प्रदेश से थे। वे गौतेंग प्रांतीय विधानसभा के सदस्य के रूप में भी कार्य कर चुके हैं।

इंकथा फ्रीडम पार्टी के नेता नरेंद्र सिंह, अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस (एएनसी) की फ़ासीहा हसन, अल जमा-आह के इमरान इस्माइल मूसा भी निर्वाचित हुए हैं। इनके अलावा, गोपाल रेड्डी और शुनमुगम रामसामी मूडली भी संसद पहुँचे हैं। अधिकांश चुने गए भारतीय मूल के सदस्य दक्षिण अफ़्रीका में ही पैदा हुए हैं, लेकिन केरल के पथानमथिट्टा जिले के तिरुवल्ला के मूल निवासी अनिलकुमार केसवा पिल्लई ने 40 साल पहले दक्षिण अफ्रीका की स्थानीय राजनीति में खुद को स्थापित किया था। एक युवा शिक्षक के रूप में दक्षिण अफ़्रीका पहुँचे पिल्लई शिक्षकों के एक ट्रेड यूनियन नेता के रूप में उभरे। उन्हें पहली बार 2019 में एएनसी के प्रतिनिधि के रूप में ईस्टर्न केप की प्रांतीय परिषद के लिए चुना गया था। पिल्लई के अलावा, डीए के सदस्य इमरान कीका, एम. नायर और रिओना गोकुल को भी क्वाजुलू-नाटाल की प्रांतीय विधानसभा के लिए फिर से चुना गया है।

इस बीच, दक्षिण अफ़्रीका के फिर से राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा बन गए हैं। रामाफोसा ने अफ़्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी), डेमोक्रेटिक एलायंस (डीए) और अन्य दलों के समर्थन से फिर से राष्ट्रपति पद को संभाला।यह पहली बार है जब 1994 के बाद नेल्सन मंडेला की पार्टी एएनसी बहुमत हासिल करने में विफल रहा। दक्षिण अफ़्रीका कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है, जिसमें दुनिया के सबसे उच्च स्तर की बेरोजगारी, असमानता और हिंसक अपराध शामिल हैं।एएनसी ने 1994 में श्वेत अल्पसंख्यक शासन की रंगभेद व्यवस्था के अंत के बाद से दक्षिण अफ़्रीका पर बहुमत के साथ शासन किया। लेकिन इस बार के चुनाव में 30 साल के बहुमत को खोने से देश में एक बड़ा बदलाव आया। यह चुनाव गरीबी, असमानता और बेरोजगारी के उच्च स्तर को लेकर दक्षिण अफ्रीकियों में व्यापक असंतोष की पृष्ठभूमि में हुआ। खैर, भारत दक्षिण अफ्रीका समेत सभी अफ्रीकी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखने का इच्छुक रहा है। कुछ साल पहले राजधानी में हुए भारत-अफ्रीका समिट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। उन्होंने भारत अफ्रीका के रिश्तों पर जोर देते हुए कहा था कि भारत और अफ्रीका की युवा होती आबादी पूरे विश्व में नए कीर्तिमान बना सकती है। उन्होंने कहा कि अफ्रीका में निवेश के लिए भारत एक बड़ा स्रोत है। तब भारत ने अफ्रीकी देशों के लिए 600 मिलियन डॉलर की मदद की घोषणा की थी। मौजूदा दौर में अफ्रीका के कई देश तेजी से आर्थिक विकास कर रहे हैं।

अमेरिका, चीन और यूरोपीय संघ भी अफ्रीका में संभावनाए तलाशता रहा है। कारोबारी रिश्ते में भारत अभी इन सभी से पीछे है। ऐसे वक्त में जब कि चीन की अर्थव्यवस्था उतार पर है। यूरोप भी संकट से जूझ रहा है। इस पृष्ठभूमि में भारत के पास अफ्रीका के साथ अपने रिश्तों को मजबूत करने का बेहतरीन मौका है।भारत की चोटी की कंपनियों जैसे टाटा, भारती, महिन्द्रा, अशोक लीलैंड वगैरह का अफ्रीका में तगड़ा निवेश है। अफ्रीका में हर जगह टाटा की उपस्थिति दिखती है। भारती एयरटेल ने अफीका के करीब 17 देशों में दूरसंचार क्षेत्र में अरबो डॉलर का निवेश किया हुआ है। भारतीय कंपनियों ने कोयला, लोहा और मैगनीज खदानों के अधिग्रहण में भी अपनी गहरी रुचि जताई है। दूसरी ओर अफ्रीकी कंपनियां एग्रो प्रोसेसिंग व कोल्ड चेन, पर्यटन व होटल और रिटेल क्षेत्र में भारतीय कंपनियों के साथ सहयोग कर रही हैं। अफ्रीकी देश नाइजीरिया भारत को बड़े पैमाने पर तेल की आपूर्ति करता है।इस बीच, अफ्रीका से राजधानी दिल्ली में आने नागरिकों को यहां अफ्रीका के बहुत सारे प्रतीक मिलेंगे। राजधानी के चाणक्यपुरी में घाना के शिखर नेता क्वामे नकरूमा मार्ग के नाम पर एक सड़क है। इसके करीब ही अफ्रीका गॉर्डन है। अफ्रीका एवेन्यू भी है। यह संयोग ही है कि निर्गुट आंदोलन के नेता क्वामें नकरूमा मार्ग और अफ्रीका गार्डन इतने करीब हैं। इंडिया अफ्रीका फ्रेंडशिप रोज गॉर्डन को अब अफ्रीका गॉर्डन कहा जाने लगा है। जैसे कि इसके नाम से ही स्पष्ट है कि यहां गुलाब ही गुलाब हैं। यहां गुलाब के लाल,पिंक,सफेद समेत साढ़े पांच हजार से अधिक पौधों की 65 प्रजातियां खुशबू बिखेरती हैं। इधर का सारा वातावरण बेहद सुंदर और आनंद की अनुभूति देता है। दिल्ली में अफ्रीका नाम से किसी उद्यान का होना एक तरह से यहां पर रहने वाले अफ्रीकी नागरिकों को कुछ भरोसा तो दिलाता होगा कि भारत उनका मित्र है। वैसे राजधानी में नेल्सन मंडेला और मिस्र के जननायक गमाल आब्देल नासेर के नामों पर भी सड़कें हैं। क्वामें नक्रूमा की तरह नासेर भी निर्गुट आंदोलन के महत्वपूर्ण हस्ताक्षर थे। देखा जाए तो दिल्ली का अफ्रीका से रिश्ता सन 1955 में कायदे से बना था। तब दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) में डिपार्टमेंट आफ अफ्रीकन स्टडीज की स्थापना हुई थी। उसी दौर में यहां विभिन्न अफ्रीकी देशों के नौजवान पढ़ने के लिए आने लगे। उनमें केन्या से आने वाले सर्वाधिक रहते थे। उन्होंने डीयू में अपने देश के नायक जुमो कैन्यटा के नाम से एक फुटबॉल प्रतियोगिता भी चालू की। उसमें सिर्फ अफ्रीकी देशों के छात्र ही भाग लेते थे, पर दर्शक सब होते थे। इसी डीयू के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स और दिल्ली स्कूल ऑफ इकॉनामिक्स के छात्र रहे अफ्रीकी देश मलावी के राष्ट्रपति बिंगु वा मुथारिका भी।अत: ऐसा लगता है कि मोदी जी तीसरे प्रधान्मत्रित्व काल की भारत सरकार दक्षिण अफ्रीका तथा अन्य सभी अफ़्रीकी देशों से सम्बन्ध और मजबूत और स्थायी करेगा।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

### वृष
आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

### मिथुन
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

### कर्क
मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है।

### सिंह
व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें।

### कन्या
दोस्तों के साथ मुलाकात होगी। किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

### तुला
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा। आज कोई महत्वपूर्ण डिसीजन आप ले पाएंगे।

### वृश्चिक
दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

### धनु
अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

### मकर
सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है।

### कुंभ
स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

### मीन
मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी। मित्रों और प्रियपात्र के साथ मुलाकात सुखद होगी।

## शख्सियत

शख्सियत कॉलम के हमारे हीरो नहीं स्टार नहीं बल्कि आर्दश हैं हरियाणा सरकार में एलडब्लूडी विभाग के सेवानिवृत अधिशाषी अभियन्ता गोपीचन्द शर्मा। कोई गाँव से शहर तो कोई छोटे शहर से बड़े शहर भागता है लेकिन यहां उल्टा कर दिया इन्होंने रिटायरमेंट के बाद इन्होंने अपने पूर्वजों की मिट्टी की खूशबु चुनी। जिस गाँव में इनका बचपन बीता उसी में मकान जीर्णोधार कराकर रहने लगे। गाँव वालों ने सोचा कि चुनाव लडने के लिए रिटायरमैंट के बाद जैसे सभी करते हैं ऐसे ही गोपीचन्द कर रहे है क्योंकि गोपीचन्द्र जी कॉग्रेस पार्टी में जिला महासचिव पद पर हैं। लेकिन विष्णु महापुराण में गोपी श्रैष्ठांतम को सार्थक करते हुए इस संत ने गाँव की दशा और ग्रामीण बच्चों की दिशा दोनों ही बदल ड़ाली। अपने पाठकों को बताना चाहूंगा कि गोपी कोई नाम नहीं ना ही गोपी कोई पद है गोपी तो अभिव्यक्ति है,गोपी तो अहसास है प्रभु के साथ प्रेम का। उद्धव जी जब ब्रज में आए तो गोपियों को ज्ञान देने आए लेकिन खुद ही शून्य में चले गए और प्रभु से प्रार्थना करने लगे कि मुझे ब्रज की नाली का कीड़ा ही बना देना लेकिन प्रेम यदि रखना है तो गोपियों के रज मेरे माथे पर लिपटी रहे। आखिर ऐसा क्याा था गोपियों में तो बताना चाहूंगा कि हमारे गोपीचन्द जी भी उन्ही गोपियों के जीवन को चरिर्तार्थ कर रहे हैं। किसी के सुख दु:ख में खड़े रहने वाले गोपीचन्द आज लोगों के आर्दश बन चुके हैं। गाँव में लाखों रूपये लगाकर जनहित में सड़क, लाईट व पानी की व्यवस्था करवाने के बाद मंच के माध्यम से बोले कि मैं आजीवन चुनाव नहीं लड़ूंगा तो वहां बैठे उन ग्रामीणों ने दांतों तले अंगुली दबा ली कि आखिर आज की दुनिया में ऐसे लोग भी हैं क्या..। इन्हे एक संत के रूप में देखा जाता है लेकिन ये गेरूवे वस्त्र तो नहीं पहनते। ये तो जींस पहनकर,टी शर्ट पहन कर,काला चश्मा लगाकर बढिया स्टाईल में लोगों के बीच रहते हैं क्योंकि संत वस्त्र से नहीं बल्कि मन से बना जाता है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है। मैं व्यक्तिगत रूप से इन्हे काफी करीब से जानता हूं भावनाए क्या होती हैं और उन्हे कैसे महसूस किया जा सकता है वे कुछ ही लोग जानते हैं। इनकी भावनाए सच में मन को मन्दिर बनाती हैं..

जय हिन्द



गोपीचन्द शर्मा
(सेवानिवृत अधिकारी)

## आज का इतिहास

### 24 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- दिल्ली सल्तनत के 1206 को पहले सुल्तान कुतबुद्दीन ऐबक की लाहौर (अब पाकिस्तान) में ताजपोशी हुई।
- फ्रांस ने 1793 में पहली बार रिपब्लिकन संविधान को अपनाया।
- फ्रांस के तानाशाह नेपोलियन बोनापार्ट ने 1812 में साढ़े तीन लाख की सेना के साथ रूस पर आक्रमण आरंभ किया।
- वेनेज़ोएला की राजधानी काराकास पर 1812 में स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान विख्यात स्वतंत्रता प्रेमी नेता साइमन बोलिवर का अधिकार हो गया।
- फ्रांस और सारदेनिया के साथ 1859 में ऑस्ट्रिया का सोल्फ़ोरीनो युद्ध हुआ।
- हैरिस ने 1904 में द जंगल बुक के बल्लू और रॉबिन हुड के लिटिल जॉन को आवाज दी थी।
- कनाडा में मॉन्ट्रियल से टोरंटो के बीच पहली एयरमेल सेवा की शुरुआत 1918 में हुई।
- वेमर गणराज्य के विदेश मंत्री वाल्टर रथेनाउ की हत्या 1922 में कर दी गई। हत्यारों को 17 जुलाई को गिरफतार कर लिया गया।
- भारत के पहले स्वदेशी एचएफ 24 सुपरसोनिक लड़ाकू विमान ने 1961 में उड़ान भरी।
- भारत ने 1961 में पहली बार सुपरसोनिक फाइटर एचएफ 24 मक्खियों का निर्माण किया।
- डाक एवं टेलिग्राफ विभाग ने 1963 में राष्ट्रीय टेलेक्स सेवा की शुरूआत की।
- मुम्बई से न्यूयार्क 1966 को जा रहे एयर इंडिया के विमान के स्विट्ज़रलैण्ड के माउंट ब्लैंक में दुर्घटनाग्रस्त होने से 117 लोगों की मौत।
- भारतीय टीम 1974 में लॉडर्स टेस्ट की दूसरी पारी में इंग्लैंड के खिलाफ 42 रन पर सिमट गई। ये टेस्ट में भारत का न्यूनतम स्कोर है और वह पारी और 285 रन से हारा।
- न्यूयॉर्क के जेएफके हवाई अड्डे पर 1975 में ईस्टर्न 727 विमान दुर्घटना में 113 लोग मारे गये।
- सरकार ने 1986 में घोषणा की है कि अविवाहित माता अपनी रोजगार योजना के तहत भी मातृत्व अवकाश प्राप्त करेगी।
- बोफोर्स बंदूक सौदे पर कैग की रिपोर्ट के मुद्दे पर बहुमत वाले विपक्षी सदस्यों ने 1989 में लोकसभा से इस्तीफा दे दिया।
- रक्षा वैज्ञानिकों ने 1990 में देश की पहली तीसरी पीढ़ी के एंटी टैंक मिसाइल 'एनएजी' की सफलतापूर्वक जांच की।
- अफ्रीकी देश तंजानिया में 2002 को ट्रेन दुर्घटना में 281 लोगों की मौत।
- जॉन नेग्रोपोटे ईराक में 2004 को अमेरिका के पहले राजदूत बने।
- अमेरिका द्वारा भारत को सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता की दावेदारी को 2005 में मान्यता मिली।
- फ़िलिपीन्स में 2006 में मौत की सज़ा समाप्त।
- इराकी हाई ट्रिब्यूनल ने 2007 में सद्दाम हुसैन के चचेरे भाई अली हसन अल माजिद उर्फ़ केमिकल अली सहित तीन लोगों को फ़ांसी की सज़ा सुनाई।
- नेपाल के प्रधानमंत्री गिरिजा प्रसाद कोइराला ने 2008 में अपने पद से इस्तीफ़ा दिया।
- मिस्र में पहली बार हुए राष्ट्रपति चुनाव में 2012 को मुस्लिम ब्रदरहुड के मुहम्मद मुर्सी 51.73% मत पाकर निर्वाचित हुए।

## विशेष आलेख

# क्या प्रदीप सिंह खरोला एनटीए की विश्वसनीयता को बहाल करने में सफल होंगे?

रामस्वरूप रावतसरे।



केंद्र सरकार ने नीट और यूजीसी -नेट परीक्षा में धांधली के बाद इन्हें आयोजित करने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के डायरेक्टर जेनरल सुबोध कुमार को हटा दिया है। उनकी जगह सेवानिवृत आईएएस अधिकारी प्रदीप सिंह खरोला को एनटीए का नया महानिदेशक बनाया गया है। इस बीच शिक्षा मंत्रालय ने नीट-यूजी परीक्षा में अनियमितताओं की जाँच सीबीआई को सौंप दी है। प्रदीप सिंह खरोला उत्तराखंड के रहने वाले हैं। 1985 बैच के कर्नाटक कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएए ) अधिकारी खरोला साल 2021 में नागरिक उड्डयन सचिव के पद से सेवानिवृत हुए थे। इसके बाद मार्च 2022 में उन्हें राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनटीए) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वर्तमान में वह आईटीपीओ के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में काम करे हैं। इससे पहले वह एयर इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक थे। आईएएस खरोला बेंगलुरु मेट्रो रेल निगम के प्रबंध निदेशक भी रहे हैं। वे 2012-13 में कर्नाटक के मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव भी रहे हैं। उन्होंने कर्नाटक में शहरों के आधारभूत ढाँचे निर्माण के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से धन जुटाने वाली संस्था अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड फाइनेंस कॉपोरेशन (केयूआईडीएफसी) का नेतृत्व भी किया है। प्रदीप सिंह खरोला नेशनल एडमिनिस्ट्रेटिव रिफॉर्म कमीशन के संयुक्त सचिव भी रहे हैं। साल 2012 में उन्हें ई-गवर्नेंस के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार और साल 2013 में प्रधानमंत्री उत्कृष्ट लोक प्रशासन पुरस्कार मिल चुका है। उन्होंने कई क्षेत्रों में काम किया है और प्रशासन में सुधार लाने के लिए जाने जाते हैं। इस संबंध में कई अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय पत्रिकाओं में उनके शोध पत्र प्रकाशित हुए हैं।

प्रदीप सिंह खरोला सार्वजनिक परिवहन कंपनियों को घाटे से निकाल कर लाभ देने वाली कंपनी बनाने के विशेषज्ञ माने जाते हैं। उन्होंने बेंगलुरू की सिटी बस सेवा बेंगलुरू मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉपोरेशन को घाटे से उबारा था और साल 2000 में उसे फायदे में लाए दिए थे। यह देश के राज्य परिवहन का इकलौता सफल मॉडल है। बेंगलुरू में मेट्रो सेवा की शुरुआत में भी उनका अहम योगदान है। प्रदीप सिंह खरोला ने 1982 में इंदौर विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री ली। इसके बाद उन्होंने 1984 में आईआईटी दिल्ली से इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग में पोस्ट ग्रेजुएशन किया। यहाँ वे टॉपर रहे। इसके बाद उन्होंने फिलीपींस के मनीला स्थित एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट से डेवलपमेंट मैनेजमेंट में मास्टर्स किया है।

एनटीए द्वारा कराई जाने वाली परीक्षाओं में लगातार होने वाली गड़बड़ी और विद्यार्थियों के विरोध के बाद शिक्षा मंत्रालय ने इसकी जाँच केंद्रीय जाँच एजेंसी (सीबीआई) को दे दी है। वहीं, एनटीए में किस तरह का परिवर्तन किया जाए, इसको लेकर मंत्रालय ने एक हाई लेवल कमिटी बनाई है। इस कमिटी की अध्यक्षता इसरो को पूर्व प्रमुख को दी गई है। इसरो के पूर्व अध्यक्ष और आईआईटी कानपुर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन इस समिति के अध्यक्ष होंगे। पाँच अन्य विशेषज्ञ समिति के सदस्य होंगे, जबकि मंत्रालय के एक संयुक्त सचिव इसके सदस्य सचिव होंगे। अध्यक्ष के अलावा समिति में 6 अन्य सदस्य भी होंगे। जो कि इस प्रकार है- डॉ. के. राधाकृष्णन , पूर्व अध्यक्ष, इसरो और अध्यक्ष बीओजी, आईआईटी कानपुर को अध्यक्ष और सदस्य के तो पर डॉ. रणदीप गुलेरिया , पूर्व निदेशक, एम्स दिल्ली , प्रो. बी.जे. राव, कुलपति, हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय, प्रो. राममूर्ति के, प्रोफेसर एमेरिटस, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी मद्रास,पंकज बंसल, सह-संस्थापक, पीपल स्ट्रॉन्ग और बोर्ड सदस्य, कर्मयोगी भारत, प्रो. आदित्य मित्तल, डीन छात्र मामले, आईआईटी दिल्ली तथा गोविंद जायसवाल, संयुक्त सचिव, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार को सदस्य सचिव बनाया गया है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय (अब शिक्षा मंत्रालय) ने साल 2017 में उच्च शिक्षा से संबंधित भर्ती की प्रवेश परीक्षा के लिए सिंगल, स्वतंत्र, स्वायत्त निकाय स्थापित करने की घोषणा की थी। इसके बाद 1 मार्च 2018 को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को औपचारिक रूप से स्थापित किया गया। इस एजेंसी को विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों में स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय स्तर की पात्रता परीक्षाएँ (नीट, जेई मेन, यूजीसी,नेट आदि) आयोजित कराने का जिम्मा सौंपा गया, ताकि परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी, कुशल और निष्पक्ष रहे। हालाँकि, एनटीए अपने उद्देश्यों को पूरा करने में अब तक नाकाम रहा है। स्थापना के बाद ही एजेंसी द्वारा ली जाने वाली परीक्षा में 2018 और 2023 को छोड़कर हर साल गड़बड़ियाँ मिली हैं। जिसके कारण एजेंसी पर सवाल उठते रहे हैं। इस बार यह मुद्दा अधिक विकराल हो गया है। यह अब छात्रों ,अभिभावकों से निकल कर राजनेताओं की जद में आ गया है। ऐसे में एनटीए के नए महानिदेशक के रूप में प्रदीप सिंह खरोला के पास इसकी विश्वसनीयता को बहाल करना प्रमुख चुनौती है।

# पेयजल समस्या से त्रस्त लोगो ने सड़क पर जाम लगा कर किया प्रदर्शन

## मौके पर पहुंचे विभागीय अधिकारी व पुलिस ने समझा कर लोगो का गुस्सा किया शांत

कृष्णचन्द्र विजय

**मालपुरा ( बढ़ता राजस्थान )।** मालपुरा के अजमेर रोड निवासी पिछले काफी दिनो से नलो में पेयजल नहीं आने से गंभीर पेयजल संकट को लेकर परेशान होकर मुख्य सड़क पर यातायात अवरोध कर जमा लगा विभाग के प्रति गहरा आक्रोश प्रकट किया। रविवार को अजमेर रोड पर विभिन्न आवासीय कॉलोनियो के आम जन अचानक घरो से बाहर निकल कर मालपुरा अजमेर मुख्य स्टेट हाइवे पर आ गए। इसमें काफी संख्या में महिलाऐं भी शांमिल थी जिनके हाथो में पानी भरने के खाली बर्तन थे। मालपुरा अजमेर मुख्य स्टेट हाइवे पर आते ही लोगो ने आसपास में लगे बंबूलो व झाडियो को काट कर मुख्य सड़क पर डालकर यातायात बाधित कर दिया। वहीं लोगो ने जलदाय विभाग के विरोध में जम कर नारेबाजी करने लगे। प्रदर्शन कर रहे लोगो ने बताया कि पिछले काफी दिनो से अजमेर रोड की आवासीय बस्तीयो में पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। इसको लेकर लोगो ने जलदाय विभाग के अधिकारियो को भी अवगत कराया लेकिन अधिकारी सिवाय आश्वासन के कुछ नहीं दे रहे। बार बार कहने के बाद समस्या का समाधान नहीं होने से आम जन में भारी आक्रोश व्याप्त है। नलो में पीने का पानी नहीं आने से भीषण गर्मी के दिनो में लोगो को आसपास के खुले कुओ अथवा हेण्डपम्पो का पानी पीने को मजबूर



होना पड़ रहा है। लोगो ने बताया कि खुले कुओ व हेण्डपम्पो के पानी में फ्लोराइड की मात्रा अधिक होने से लोगो के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। प्रदर्शन कर रहे लोगो ने बताया कि अब भी यदि पेयजल की समस्या का समाधान नहीं होता है तो इस क्षैत्र के लोगो का प्रतिनिधिमंडल क्षैत्रीय विधायक व प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी से मिलकर पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकता वाली समस्या का समाधान करवाने की मांग करने के साथ साथ जलदाय विभाग मालपुरा के लापरवाह अधिकारियो की शिकायत भी की जाएगी। जिसके लिए विभागीय अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होगी। इधर मालपुरा अजमेर स्टेट हाइवे पर जाम लगाने कर प्रदर्शन करने की जानकारी मिलते ही मालपुरा थाना प्रभारी चेनाराम बेड़ा मय दल के मौके पर पहुंचे। साथ ही जलदाय विभग की कनिष्ठ अभियन्ता हंसा चौधरी विभाग के तकनीकी कर्मचारियो के दल के साथ मौके पर पहुंची। जहां थाना प्रभारी चेनाराम बेड़ा ने प्रदर्शन कर रहे लोगो से अवरूद्ध आवागमन को सुचारू करने सहित सड़क पर जाम नहीं लगाने व वाहनो व यात्रियो को बेतजह परेशान नहीं करने की बात कही। साथ ही जलदाय विभाग की कनिष्ठ अभियन्ता हंसा चौधरी ने प्रदर्शन कर रहे शांत रहने एवं अपनी वाजिब समस्या शांत तरीके से रखने की बात कही। जिसका प्रदर्शन कारी लोगो परा सीधा असर हुआ और लोगो ने सड़क पर लगे अवरोध हटाकर आवागमन खुलासा किया। वहीं पेयजल की समस्या करने की मांग को लेकर मुख्य सड़क पर बैठकर नारेबाजी करने, अवरोध लगाकर यातायात बाधित करने के चलते सड़क के दोनो किनारो पर वाहनो की लम्बी कतारे लग गई। वाहनो में बैठे लोग भीषण गर्मी से परेशान हुए।

# खेल को खेल की भावना से खेले हार या जीत एक ही सिक्के के दो पहले



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा के क्षैत्रीय विधायक एवं प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा है कि खेल में हार जीत एक ही सिक्केके दो पहलु होते हैं जिनके एक पहलु को स्वीकार करना ही पड़ता है।

चौधरी बीति दे रात्रि डे नाइट क्रिकेटी प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। कार्यालय सचिव एडवोकेट अभिषेक पाराशर ने बताया कि इस मौके पर चौधरी ने युवा क्रिकेट खिलाड़ियो से आव्हान करते हुए कहा कि खेल में हार जीत चलती रहती है। हार से निराश होने के स्थान पर इस बार मिली हार को ही जीत में बदलने का संकल्प लेना चाहिए। जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियो से हाथ मिलाकर व गले लगाकर हौसला बढ़ाया। साथ ही सभी खिलाड़ियो के उज्जवल भविष्य की कामना की। खिलाड़ियो से आव्हान करते हुए चौधरी ने कहा कि खेल में हार व जीत दो अभिन्न अंग होते हैं। अच्छा प्रदर्शन करने व कड़ी मेहनत करने वाली टीम को जीत मिलती है तो दूसरी को हार मिलती है। लेकिन हारने वाली टीम के खिलाड़ियो को निराश होने के स्थान पर इस बार मिली हार को अगली बार जीत में बदलने का संकल्प लेना चाहिए। साथ ही मिली हार के बारे में समीक्ष कर हार के कारणो व कमियो को जानकर अगली बार इनको दूर करने का प्रयास करना वाहिए।

आयोजको ने जलदाय मंत्री का 51 किलो की माला पहना कर व जोरदार तरीके से स्वागत सम्मान किया। अंत में जलदाय मंत्री चौधरी खिलाड़ी द्वारा फेंकी गेंद पर अपने हाथो में पकड़े बल्ले से जोरदार शांट लगाकर बाउंड्री पार करवा चोका लगाकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारम्भ किया।

# पाकिस्तान मूल की नटवाड़ा सरपंच नीता कंवर भूटान समरसता अवॉर्ड से सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा ( नि.स. )।** अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच के तत्वावधान में थिम्फू (भूटान) में 19 से 21 जून को आयोजित जी-22 समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन में पाकिस्तान मूल की नटवाड़ा सरपंच नीता कंवर को भूटान समरसता अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत नटवाड़ा गांव की महिला सरपंच नीता कंवर को ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों सहित बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने, महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराना और हर संभव उनकी मदद करना आदि कार्यों को लेकर भूटान देश में अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच की ओर से आयोजित भारत-भूटान सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन में भूटान देश के शीर्ष धर्म गुरू रिनपोछे साग्वे दोरजी, पूर्व प्रधानमंत्री किगजेग दोरजी एवं अर्थ मंत्री लोकनाथ शर्मा द्वारा भूटान समरसता अवॉर्ड प्रदान किया गया। नीता कंवर ने अपने उद्देश्य के बारे में बताया कि अपने गांव में महिलाओं को अधिक से अधिक शिक्षित कर उन्हें ऐसे छोटे छोटे कार्यों से जोड़ रही हूं। जिससे वह आर्थिक रूप से मजबूत बन सके। वे महिलाओं में एकजुटता लाने का प्रयास कर रही है। महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूकता लाने के प्रयास कर रही है। नीता कंवर ने बताया कि बढ़ती बेरोजगारी, अशिक्षा कहीं न कहीं बढ़ती जनसंख्या का एक मूल कारण है। प्रत्येक महिला अपने पांव पर खड़ी हो और




आर्थिक रूप से मजबूत बने, समाज के उन बच्चों की मदद करना जो पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण शिक्षा से दूर हो रहे है। नीता कंवर ने बताया कि उद्योग जगत की बात हो, या फिल्म जगत की, विज्ञान का महत्वपूर्ण क्षेत्र हो या देश की रक्षा की, आज ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जिसमें महिलाओं ने परचम न लहराया हो। लेकिन फिर भी कहीं न कहीं महिलाएं आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक रूप से कमजोर है।

**22 देशो के प्रतिनिधियों ने लिया भाग :** जी-22 सम्मेलन में भारत सहित नेपाल, भूटान, अफगानिस्तान, अल्जीरिया, एंगोला, ऑस्ट्रेलिया, क्रोएशिया, फिनलैंड, तुनिशिया, जर्मनी, ईराक, ईजराइल, मैकडोनिया, मोरक्को, नीदरलैंड, नाइजीरिया, नॉर्वेजियन, रोमानिया, रॉयल, डेनिस, श्रीलंका, मालदीव के प्रतिनिधियो ने भाग लिया। सम्मेलन में नटवाड़ा की सरपंच नीता कंवर द्वारा भारत की शक्ति, प्रतिष्ठा, पंचशील सिद्धांत का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

**मदद के लिए हर संभव रहती है तैयार :** ग्रामीणों के अनुसार इस ग्राम पंचायत में कई सरपंच आए। लेकिन नीता कंवर जैसा सरपंच अभी तक कोई नहीं आया। वह ग्राम पंचायत के लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहती है। उनके द्वारा अब तक ग्राम पंचायत में विभिन्न विकास कार्य कराने के साथ मनरेगा के द्वारा रोजगार, बालिकाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करना, महिलाओं को रोजगार से जोड़कर स्वाबलंबी बनाने के प्रति रुचि पैदा करना आदि कार्यों को लेकर हमेशा तैयार रहती है।

### नारी को स्वयं को कमजोर नहीं समझना चाहिए

सरपंच नीता कंवर ने बताया कि यह सम्मान पाकर मुझे बेहद खुशी हो रही है और ग्राम पंचायत के लोग भी खुश है। उन्होंने कहा कि कभी नारी को स्वयं को कमजोर नहीं समझना चाहिए और अधिक से अधिक सामाजिक कार्यों में भाग लेकर अपने मजबूत कदम बढ़ा कर विकास की ओर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने ग्राम पंचायत की बालिकाओं को शिक्षा के प्रति जागरुक किया। इसके अलावा हजारों महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराए।

# स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में कक्षा 11 में प्रवेश की अंतिम तिथि 24 जून

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में सत्र 2024.25 में विज्ञान संकाय में प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि 24 जून है। प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि जिला स्तर पर गठित प्रवेश समिति के द्वारा नियमानुसार प्रवेश दिया जाएगा। विज्ञान संकाय के अंतर्गत गणित और जीवविज्ञान विषय के इच्छुक विद्यार्थी कक्षा 11 में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं जिसका आवेदन प्रपत्र विद्यालय से प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रवेश प्रभारी ललितकुमार बेनीवाल के पास जमा कराना होगा। कक्षा 11 में प्रवेश के लिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान से दसवीं कक्षा न्यूनतम 66.20 प्रतिशत अंकों के साथ एवं अन्य मान्यता प्राप्त बोर्ड से दसवीं कक्षा न्यूनतम 72 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। प्रवेश नीति के तहत ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। उसके पश्चात रिक्त सीटों पर शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। 27 जून को चयनित विद्यार्थियों की सूची जारी की जाएगी एवं 29 जून को विद्यार्थियों से समस्त वंचित दस्तावेज प्राप्त कर नियमानुसार प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई से विद्यार्थियों का नियमित अध्ययन प्रारंभ कर दिया जाएगा। विद्यालय में प्रवेश लेने वाले समस्त विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तके उपलब्ध करवाई जाएगी।

# शिक्षा के क्षेत्र में भामाशाहों को आगे आने की है अवश्यकता : ब्रजमोहन शर्मा

## अखिल हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज की बैठक संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** अलियाबाद मोड पर स्थित अखिल हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज बालिका छात्रावास में समिति अध्यक्ष ब्रजमोहन शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। अध्यक्ष ब्रजमोहन शर्मा ने कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा के क्षेत्र में भामाशाहों को आगे आने की अवश्यकता है। उन्होंने कहा कि छात्रवास के विकास के लिए प्रत्येक व्यक्ति की भागेदारी होनी चाहिए। जिला महामंत्री मांगीलाल शर्मा व जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीचन्द शर्मा ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से छात्रावास अध्यक्ष पद का चुनाव दिसंबर माह में करने का निर्णय लिया गया। चुनाव के लिए सदस्य बनाने हेतु 225 रसीद बुकें जारी की गई हैं। बैठक में छात्रावास परिसर में नवनिर्मित भवन के प्रगति रिपोर्ट पर भी चर्चा की गई। बैठक में टोंक तहसील अध्यक्ष प्रेमनारायण शर्मा, शंकरलाल शर्मा, चिरंजीलाल शर्मा, शंभूदयाल, एडवोकेट सुरेशचंद महाराजपुरा, रमेश उपाध्याय सूरिया, रामपाल सिंगवाडिया, रामरूप शर्मा, छीतर पटेल, मीठालाल शर्मा, शंकरलाल शर्मा, गिरिराज संग्रामपुरा, कालूराम शर्मा, प्रहलाद जुगलपुरा, रामकिशन गील, सीताराम पचौली गोविंदपुरा, मदनलाल शर्मा व लक्ष्मीप्रसाद चैनपुरा सहित कई लोग मौजूद थे।

# पवन व अंकित को मिला नवरतन अवार्ड

## दोनो ने सेवा क्षैत्र में श्रेष्ठ कार्य कर किया मालपुरा का नाम रोशन

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन के प्रान्त कमेटी चेयरमेन पचन जैन संगम तथा रोटरी क्लब मालपुरा सिटी के अध्यक्ष डॉ. अकिंत जैन को रोटरी क्लब इन्टरनेशनल के जिला आभार कार्यक्रम में श्रेष्ठ सेवा कार्य करने पर नवरतन अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया है। रविवार को रोटरी क्लब इन्टरनेशनल के जिला अवार्ड समारोह का आयोजन प्रान्तपाल निर्मल कुर्णावत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन के पवन जैन संगम, अध्यक्ष विमल अग्रवाल, सचिव गणेश नारायण, राकेश जैन, अरूण काबरा, सुनील जैन, ओमप्रकाश शर्मा, विजेन्द्र शर्मा, मनोज जैन, महेश गुप्ता,



जयनारायण जाट, पुष्पेन्द्र पारीक, अमित विजय, नरेश काबरा के अलावा रोटरी क्लब मालपुरा सिटी के अध्यक्ष डॉ. अकिंत जैन व सचिव डॉ. राजाराम शर्मा, बलराम सिंह सोलंकी अन्य कई क्लब सदस्यो के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान रोटरी क्लब मालपुरा के पवन जैन संगम को समूचे प्रान्त का नवरतन व सर्वश्रेष्ठ प्रान्त कमेटी चेयरमेन के अवार्ड से सम्मानित किया गया। वहीं रोटरी क्लब मालपुरा सिटी के अध्यक्ष डॉ. अंकित जैन को बेस्ट वोकेशनल सर्विस अवार्ड, बेस्ट पोलिया प्लस एक्टिवीटी अवार्ड, हाइयेस्ट ब्लड डोनेशन अवार्ड व बेस्ट कम्यूनिटी सर्विस अवार्ड से सम्मानित किया गया। दोनो ने सेवा क्षैत्र व गरीब व जरूरतमंद मानव की सेवा क्षैत्र में श्रेष्ठ एवं बेहतरीन कार्य कर अवार्ड प्राप्त कर मालपुरा क्षैत्र का नाम रोशन किया है।

# मंदिर में हो रही चोरियों को लेकर ग्रामीणों ने थाना अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** पुलिस थाना निवाई में झिलाय के ग्रामीणों ने क्षेत्र में हो रही चोरियों को लेकर थानाधिकारी हरिराम वर्मा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि निवाई-बौंली रोड़ स्थित सिंदरा दरवाजा के बालाजी मंदिर में गत दिनों से आए दिन चोरियां हो रही है। जिससे श्रद्धालूओं में गहरा रोष व्याप्त है। मंदिर पुजारी विकास गौत्तम ने बताया कि मंदिर में आए दिन कुछ न कुछ वस्तुओं की चोरिया हो रही है। जिसको लेकर श्रद्धालूओं ने जिला परिषद सदस्य नरेश नायक के नेतृत्व में थाना अधिकारी हरिराम वर्मा से मिलकर उचित कार्यवाही की मांग को लेकर मिलकर परिवाद सौंपा है। परिवाद में बताया कि पिछले काफी समय से बालाजी मंदिर में रखा चढ़ावे का अनाज व ज्वार की 5-7 बोरिया व गत दो दिन पूर्व बालाजी मंदिर में लगा 6 किलो का तांबे का घंटा अज्ञात चोर चुराकर ले गए है। जिससे



श्रद्धालूओं में गहरा रोष व्याप्त है। थाना अधिकारी को बताया कि गांव में कुछ नशेड़ी लोग ऐसी हरकत कर सकते है। ग्रामीणों ने थानाधिकारी से चोरियों पर लगाम लगाने व नशे में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। इससें पूर्व सिंदरा दरवाजा स्थित बालाजी मन्दिर मे जिला परिषद सदस्य नरेश नायक की सूचना पर हेड कांस्टेबल महावीर गुर्जर को बुलवाकर गत दिनों हुई चोरी की वारदात का मौका मुआयना करवाया। पुलिस द्वारा जल्दी ही चोरों को पकडने का आश्वासन दिया।

# अवैध बजरी से भरे हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** निवाई व बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी से भरे हुए अलग-अलग जगह से दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह व डीवाईएसपी देशराज कुलदीप के सुपरविजन में पुलिस गश्त के दौरान गांव जौंला से अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है।

# सीबीआई का दिखा असर बजरी की दरें पहले घटी फिर बड़ी



बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** टोंक जिले के देवली में शनिवार को बजरी से जुड़े लीज धारकों के ठिकानों पर हुई छापेमारी कार्यवाही के बाद अमन सेठी बजरी लीज धारक के द्वारा पीपलू थाना क्षेत्र के मुड़िया में बजरी की दर 420 प्रति टन रुपये की गिरावट कर दी । वहीं रविवार सुबह से 750 रुपये प्रति टन की दर से बढ़ा दिया जिसको लेकर वाहन चालकों में भारी नाराजगी हों गई । जहां मौके पर पीपलू पुलिस भी पहुंची मुड़िया में करीब 400 वाहन ड्राइवरों ने धरना प्रदर्शन किया। चालक रामेश्वर चौधरी, राजू गुर्जर, हरिराम गुर्जर, राजू मीणा, शंकर, भगवान चौधरी ,कानाराम चौधरी, ने बताया कि हम शनिवार शाम से ही भूखे, प्यासें बजरी भरवाने को लेकर खड़े हुए हैं जिसमें हमें 420 रूपए प्रति टन का टोकन मिला था लेकिन रविवार सुबह से फिर से 750 रूपए प्रति टन की दर बढ़ा दी जिसको लेकर वाहन ड्राइवरों में काफी नाराजगी हुई वधरना प्रदर्शन किया । करीब दोपहर 1बजे वाहन ड्राइवरों व लीज धारक में जो 420 रुपए प्रति टन से टोकन कांटे गये है उन वाहनों को 420प्रति टन को लेकर में सहमति बनी ।ड्राइवरों का कहना है की नगर परिषद क्षेत्र से हमारे वाहन गुजरते ही नहीं फिर भी हमसे टोंक नगर परिषद की 300 रुपए प्रति वाहन के हिसाब से नाके पर ही वसूला जा रहा है । अगर इस रसीद का हिसाब लगाया जाये तो रोजाना 1500 से लेकर 2000 वाहनो की रसीद काटी जा रही है कुल 1500 वाहनो का भी हिसाब लगाया जाये तो1500*300=450000 लाख रुपए रोजाना की अवैध वसूली की जा रही है। इस और प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है लीज धारक द्वारा नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है।

### इनका कहना है

बजरी की दरों को लेकर सरकार द्वारा कोई दर नहीं है तीज धारक अपनी मनमर्जी से दर लगाता है।

**( एएमई टोंक, सोहन लाल सुथार )**

बजरी लीज धारक द्वारा पीपलू क्षेत्र में नगर परिषद की रसीद काटी जा रही है वह अवैध है जांच करवाकर कार्यवाही की जाएगी।

**( टोंक नगर परिषद कमिश्नर, ममता नागर )**

# भगवान ऋषभदेव का गर्भ कल्याणक भक्तिभाव से संपन्न

## विभिन्न जैन मंदिरों में हुए धार्मिक आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव का गर्भ कल्याणक रविवार को भक्तिभाव से मनाया गया । इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना के विशेष आयोजन किए गए । सुबह अभिषेक और शांतिधारा के बाद भगवान ऋषभदेव की पूजा की गई । गर्भ कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए अर्घ्य अर्पित किया गया। अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि आगरा रोड पर पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, मोती सिंह भोमियों का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर चौबीस महाराज, श्री दिगम्बर जैन मंदिर जीऊबाईजी, सांगानेर के संघीजी दिगम्बर जैन मंदिर, मानसरोवर के मीरा मार्ग, मनिहारों का रास्ता स्थित बड़ा दीवान जी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन संपन्न् हुए । गुरुवार, 27 जून को बारहवें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य का गर्भ कल्याणक एवं तेरहवें तीर्थंकर भगवान विमलनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा।

# चौपहिया वाहन चुराने वाला वाहन चोर सोहेल कुरैशी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने खो- नागोरियान थाना इलाके में वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक वाहन चोर सोहेल कुरैशी को गिरफ्तार कर उसके पास से एक चोरी का एक चौपहिया वाहन एवं वारदात में प्रयुक्त चौपहिया वाहन बरामद किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) दिगंत आनन्द ने बताया कि सीएसटी ने खो-नागोरियान थाना इलाके में वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक वाहन चोर सोहेल कुरैशी निवासी खो-नागोरियान जयपुर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी आरोपित सोहेल कुरैशी वाहन चोरी अपने शौक पूरे करने के लिये वाहन चोरी करना और उसके पार्ट्स बेचकर अपना खर्चा चलाना सामने आया है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ जारी है जिससे और भी वारदातें खुलने की संभावना है।

# हथियार की नोक पर लूटपाट करने वाले तीन बदमाशों को पकड़ा




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हथियार की नोक पर लूटपाट करने वाले तीन बदमाशों को धर-दबोचा है और उनके पास से अवैध हथियार देशी पिस्टल,कट्टा और तीन जिंदा कारतूस सहित लूट की रकम और वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी जब्त किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हथियार की नोक पर लूटपाट करने वाले रोहित मीणा उर्फ राहुल उर्फ कालू उर्फ बाबू निवासी मोतीडुगरी जयपुर,विजेन्द्र गुर्ज उर्फ कानू निवासी मोती डूंगरी जयपुर और धर्मेन्द्र उर्फ धर्मा निवासी मंडावरी जिला दौसा हाल मोतीडुगरी जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने अवैध हथियार देशी पिस्टल,कट्टा और तीन जिंदा कारतूस सहित लूट की रकम और वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन बरामद किया है। पुलिस आरोपियों से अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

# गीता गायत्री मंदिर से अमरनाथ यात्री को संत महंतों ने किया रवाना



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जय बाबा अमरनाथ बर्फानी यात्रा प्रदोष सेवा समिति पंडित राजकुमार चतुर्वेदी के सानिध्य में अमरनाथ यात्रा का जत्था गलता गेट स्थित गीता गायत्री मंदिर से रवाना हुआ । संत महंतों के सानिध्य में शिव की बारात के रूप में अमरनाथ यात्री भोलेनाथ के जयकारे लगाते भजन कीर्तन करते नाचते गाते अमरनाथ के लिए रवाना हुए । अध्यक्ष सुमित बंसल ने बताया कि प्रमुख संत महंत महामंडलेश्वर सियाराम दास महाराज प्रवीण भैया सरस निकुंज, घाट बालाजी सुदर्शनाचार्य महाराज पर कोटा गणेश मंदिर के अमित शर्मा मेहंदीपुर बालाजी से सुदीप तिवारी भाजपा नेता रवि नयर सहित अनेक संत महंतों ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देकर रवाना किया । मोती डूंगरी गणेश से आशीर्वाद लेकर श्रद्धालु सालासर बालाजी, इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर, स्वर्ण मंदिर अमृतसर, जम्मू, माता ज्वाला देवी, शिवखोड़ी, वैष्णो देवी के दर्शन करते हुए अमरनाथ बाबा के दर्शन करेंगे। वापसी में हरिद्वार में गंगा स्नान कर जयपुर लौटेंगे । यात्रियों के आवास, भोजन, नाश्ता सहित सभी सुविधाएं पूर्ण गुणवत्ता के साथ समिति की ओर से उपलब्ध करवाई जाएगी।

# पोस्ट ऑफिस में नौकरी के नाम पर युवक से पच्चीस लाख ठगे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** करधनी थाना इलाके में पोस्ट ऑफिस में नौकरी के नाम पर युवक से पच्चीस लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पीडित वर्तमान में पोस्ट ऑफिस में संविदा पर काम करता है।

पुलिस के अनुसार गोकुलपुरा निवासी सांवरमल ने मामला दर्ज करवाया कि वह पोस्ट ऑफिस में संविदा पर काम करता है। दीपक जैन ने उसे स्थाई नौकरी दिलाने का झांसा देकर कई बार में उससे पच्चीस लाख रुपए ले लिए। रुपए लेने के बाद आरोपी नित नए बहाने बनाता रहा। झांसों से परेशान होकर पीड़ित ने पुलिस को इस धोखाधडी की जानकारी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 32 बड़े व्यापारी जुआ खेलते पकड़े, 17 लाख रुपए नकद जब्त

## बाद में सभी को छोड़ा

जयपुर।



जयपुर के जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने शनिवार देर रात 32 जुआरियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 17 लाख रुपए कैश बरामद किए गए हैं। ये सभी जुआरी मालवीय नगर सेक्टर 11 में निर्माणाधीन बिल्डिंग की पांचवीं मंजिल पर जुआ खेल रहे थे। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली जिस पर एसीपी मालवीय नगर आदित्य पूनियां, सीआई जवाहर सर्किल विनोद सांखला अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सभी जुआरियों को डिटेन कर थाने लेकर आए। पुलिस के अनुसार मुखबिर से रात साढ़े 11 बजे जानकारी मिली थी। इस पर टीम को तैयार कर रेड मारी गई। जवाहर सर्किल थाने की पुलिस के साथ-साथ एसीपी मालवीय नगर की टीम मौजूद थी। 15 से ज्यादा पुलिसकर्मियों ने पूरी बिल्डिंग में सर्च अभियान चलाया। सर्च के दौरान पांचवीं मंजिल पर 32 लोग जुआ खेलते हुए मिले। सभी को जवाहर सर्किल थाने लाया गया। पुलिस को मौके पर 17 लाख रुपए भी मिले। जो 500 और 100 के नोटों की गड्डियों में थे। इनसे जुआ खेला जा रहा था। कार्रवाई के बाद पुलिस ने 17 लाख रुपए जब्त कर लिए हैं।

**मुकदमा दर्ज कर छोड़ा :** पूछताछ के बाद सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। यह एक जमानती अपराध है। इसलिए थाने से ही इन लोगों को छोड़ दिया गया।

**ये जुआरी हुए गिरफ्तार :** सुधीर कुमार (55) निवासी विद्याधर नगर, भरत खत्री (36) निवासी धौलाई मुहाना जयपुर,मुकेश कुमार (44) निवासी विद्याधर नगर,हरिमोहन बैरवा (43) निवासी दौसा, सतीश कुमार (34) निवासी कोलवा जिला दौसा,युनूस खान (33) निवासी शास्त्रीनगर ,गुलाम कुरैशी (29) निवासी प्रतापनगर ,सुरेश झाबलू (38) निवासी सांगानेर,लुणकरण (52) निवासी डिडवाना जिला नागौर,कल्लू कुरैशी (49) निवासी आदर्शनगर ,पंकज रामानी (44) निवासी जवाहर नगर ,अमराराम (31) निवासी जायल जिला नागौर ,जितेन्द्र कुमार (53) निवासी घाटगेट जयपुर ,प्रकाश कुमार सैनी (40) निवासी जयसिहपुरा खोर ,गुलाम रियाज अहमद (45) निवासी चांदपोल बाजार जयपुर,अजमद हुसैन (59) निवासी नाहरी का नाका जयपुर ,रितेश खिंची (30) निवासी नाहरगढ़ ,रिंकू किशनानी (28) निवासी प्रतापनगर,,बालमुकंद (18) निवासी चौड़ा रास्ता जयपुर ,नवीन खण्डेलवाल (45) निवासी जौहरी बाजार, माणक चौक जयपुर ,नौसाद कुरैशी (47) निवासी ट्रांसपोर्ट नगर, जयपुर ,सुरेश सेवानी (29) निवासी मानसरोवर जयपुर,आलोक विजय (45) निवासी मालवीय नगर,जावेद कुरैशी (38) निवासी ट्रांसपोर्ट नगर ,अशोक कुमार (52) निवासी मालवीय नगर,अब्दुल अजीज (28) निवासी कोतलवाली नागौर ,गोपाल विश्नोई (30) निवासी नागौर कोतवाली,महराज (41) निवासी आदर्श नगर ,प्रहलाद बौराना (40) निवासी सिटी कोतलवाली जिला नागौर ,सिराज खान (40) निवासी देवनगर जोधपुर ,मोहम्मद असलम (42) निवासी रामगंज और धर्मसिंह मीना (53) निवासी हिण्डौन जिला करौली को गिरफ्तार किया गया है।

## नर्सिंग गुरुकुल 2024 का आयोजन

# मरीजों के सेवा करे परिजन मानकर, बेहतर होंगे परिणाम



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** एपेक्स हॉस्पिटल एवं एसोसिएशन ऑफ़ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया की ओर से रविवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में नर्सिंग गुरुकुल 2024 का आयोजन किया गया। इस दौरान इलाज में नर्स के रोल एवम उनके सामने आने वाले अवसर व चुनौतियों पर एक्सपर्ट्स ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एपेक्स हॉस्पिटल समूह के चेयरमैन डा. एसबी झवर, एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अशोक खंडाका एवम सचिव डॉ. सर्वेश अग्रवाल उपस्थित हुए। इस दौरान एक्सपर्ट्स ने कहा कि किसी भी मरीज के साथ सर्वाधिक समय नर्सिंग स्टाफ बिताता है, ऐसे मे मरीज के प्रति उनकी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। एक्सपर्ट्स ने नर्सिंग स्टाफ को मरीज के साथ बेहतर व्यवहार एवम उन्हे मानसिक रूप से बेहतर महसूस करवाने के साथ ही उनकी सटीक केयर के गुर सिखाए। वक्ताओं से नर्सिंगकर्मियो ने भी विभिन्न संबंधित सवाल पूछे, जिनके जवाब उन्हे मंच से दिए गए। चेयरमैन एसबी झवर ने नर्सिंग कर्मियो से मरीजों की सेवा अपना परिजन मानकर करने को कहा, ऐसे में उन्हें बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे। कार्यक्रम में डॉ सचिन झवर, रूपेश माथुर, डॉ. पंकज आनंद, डा. विपुल खंडेलवाल समेत अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। एपेक्स हॉस्पिटल समूह के ग्रुप सेल्स हेड ऋतुराज सिंह एवम ग्रुप एचआर हेड तासी भट्टाचार्य ने कार्यक्रम का संयोजन किया।

# रामचंद्र जी मंदिर में सजी खाटू श्याम जी की झांकी

## खाटू श्याम को रिझाने के लिए दरबार में झूम उठे श्रद्धालु

## पूर्व मेयर ज्योति खंडेलवाल ने कराया आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** चांदपोल बाजार स्थित ठिकाना श्री रामचंद्र मंदिर में शनिवार देर शाम श्री श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति के तत्वावधान में खाटू श्याम जी फूल बंगले की भव्य झांकी सजाई गई और विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक शरद खंडेलवाल व ज्योति खंडेलवाल ने बताया कि इस भजन संध्या में श्याम बाबा की झांकी के दर्शनों के लिए सैकड़ो भक्त मंदिर परिसर में उपस्थित हुए। भजन संध्या में भजन गायक कलाकारों की सुरीली आवाज में भजन सुनकर भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। भजनों की धुन पर महिलाओं व पुरुषों ने जमकर नृत्य किया। कार्यक्रम संयोजक शरद खंडेलवाल ने कान्हा रे कान्हा अब तो आजा भजन गाकर प्रभु श्याम को रिझाया। भजन संध्या में लोहार्गल धाम के महंत अश्वनी दास महाराज शिरकत की । धार्मिक कार्यक्रम विभिन्न राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधि ,व्यापार मंडल के पदाधिकारी व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी सहित सैकड़ो भक्तों ने शिरकत की।

# इस्लामी विद्वानों ने दिया पुर सुकून जीवन यापन का संदेश

# एक दिवसीय सेमीनार में जुटे देशभर से आए इस्लामी विद्वान

## 'पुर सुकून जिंदगी कैसे गुजारे' विषय पर आयोजित सेमीनार में कुरआन व हदीस की रोशनी से डाला प्रकाश

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** सुन्नी दावते इस्लामी जयपुर की ओर से यहां सांगानेर के कोहिनूर हॉल में एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया। 'पुर सुकून जिंदगी कैसे गुजारे' विषय पर आयोजित इस सेमीनार में अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस्लामी विद्वान व विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल हुए। जिन्होंने कुरआन व हदीस की रोशनी से उक्त विषय पर विस्तार से व्याख्यान दिए। साथ ही बताया कि इंसान जीवन शैली तथा दिनचर्या कैसी होने चाहिए तथा वर्तमान में वह किस रूप में जीवन यापन कर रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं सुन्नी दावते इस्लामी के अमीर हजरत मौलाना मोहम्मद शाकिर अली नूरी साहब (मुंबई) ने 'पुर सुकून जिंदगी कैसे गुजारे' विषय पर कुरआन व हदीस की रोशनी में संपूर्ण जीवन व्यवस्था एवं जीवन यापन के संदर्भ में विस्तार से बताया। मुफ्ती अब्दुस्सत्तार रजवी साहब की सरपरस्ती व मौलाना सैय्यद मोहम्मद कादरी साहब की निगरानी में आयोजित इस सेमीनार में बड़ी संख्या में आमजन ने इस्लामी विद्वानों को पुर सुकून तरीके से सुना तथा अपना जीवन कुरआन व हदीस की रोशनी में व्यतीत करने का संकल्प लिया।

**ये इस्लामी स्कॉलर रहे मौजूद :** कार्यक्रम में देशभर के स्कॉलर एवं इस्लामिक विद्वान शामिल हुए। मुफ्ती गुलाम मुस्तफा, मौलाना अकरम रजा, मौलाना मुलाजिम रजा, मौलाना उस्मान, मौलाना अंसार, मौलाना मिंजार, मौलाना इरफानुल कादरी, मौलाना अमीन रजा, काशिफ रजा, मुख्तार आलम, तुफैल रजा, अब्दुल लतीफ, कारी शकील अशरफी, सैय्यद अकील नूरी, मोहम्मद अली अंसारी, सोहैल अशरफी, एजाज हबीबी, मोहम्मद आमिर आदि औलमा व मुबल्लिगीन शामिल हुए। सलातो सलाम व दुआ के साथ सेमीनार का समापन हुआ। हाजी नवाब कागजी, हाजी खालिद कागजी, हाजी सईद कागजी ने सभी आगंतुकों का इस्तकबाल किया।

# अतिक्रमण बता कर तोड़ने के विरोध मामला व्यापार मंडल ने दिया यूडीएच मंत्री को ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** न्यू सांगानेर रोड़ व्यापार मण्डल ने जेडीए के द्वारा 750 दुकानों को अतिक्रमण बताकर तोडने के विरोध चौथे दिन रविवार को भी जारी रहा। वहीं न्यू सांगानेर रोड़ व्यापार मण्डल ने रविवार को यूडीएच मंत्री झाबर सिंह बर्रा को जयपुर व्यापार महासंग के अध्यक्ष सुभाष गोयल एवं महामंत्री सुरेश सैनी के साथ अपना ज्ञापन दिया गया। जहां मंत्री को न्यू सांगानेर रोड़ की समस्या से अवगत कराया गया। उन्होने व्यापारियों को पूर्ण विश्वास दिलाया कि सरकार उनके साथ है और भरोसा रखिये। किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। साथ ही व्यापार मण्डल ने बताया कि अगर न्यू सांगानेर रोड़ से बीआरटीएस को हटा दिया जाये। जिसका यहां औचित्य नहीं है तो सड़क की चौड़ाई लगभग 160 फीट हो जायेगी । जो कि इस रोड़ के लिए काफी है क्योंकि इस रोड़ को 200 फीट रिंग रोग मानते हुए किया गया था।

इधर व्यापार मण्डल द्वारा साथ ही यह निर्णय लिया गया है कि सोमवार से सम्पूर्ण बाजार को अनिश्चितकालीन के लिए बंद कर दिया जायेगा और एक वाहन रैली सुबह न्यू सांगानेर रोड़ पर तेजाजी के मंदिर से निकाली जायेगी।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** बजाज नगर थाना इलाके में शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि शिप्रापथ निवासी 31 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया कि जून-2019 में उसकी मुलाकात विजेन्द्र मीना से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने उसे प्रेम जाल में फांस लिया। बजाज नगर इलाके में मिलने के बहाने बुलाकर जबरदस्ती की। विरोध करने पर शादी करने का वादा किया। शादी करने का झांसा देकर लगातार देह शोषण करने लगा। पिछले पांच सालों तक देहशोषण करने के दौरान शादी करने का दबाव बनाने पर आरोपी बॉयफ्रेंड ने शादी करने से मना कर दिया। धोखे का एहसास होने पर पीड़िता ने आरोपी विजेन्द्र मीना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

## फोटोग्राफर वेलफेयर एसोसिएशन राजस्थान ने 8 राज्यों के फोटोग्राफरों को वर्कशॉप के महाकुंभ में सीखाए गुर

# फोटोग्राफर अपनी सजकता जिम्मेदारी निभाता हे : एएसपी उमा शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**बून्दी (नि.स.)।** फोटोग्राफर वेलफेयर एसोसिएशन राजस्थान ने राजस्थान सहित 8 राज्यों के फोटोग्राफरों को वर्कशॉप के महाकुंभ में सीखाए गुर। फोटोग्राफर वेलफेयर एसोसिएशन राजस्थान संगठन के प्रदेशअध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने बून्दी में दूसरी बार फोटोग्राफरों की वर्कशॉप आयोजित किया।फोटोग्राफर वेलफेयर एसोसिएशन राजस्थान बून्दी जिला सचिव अंचल राठौर ने बताया कि संगठन अध्यक्ष प्रदीप तिवारी के निर्देशन में रविवार हरियाली रिसॉर्ट बाईपास बूंदी में सुबह 10 बजे से सायं 5 तक फोटोग्राफर का महाकुंभ राजस्थान के साथ-साथ पंजाब, हरियाणा, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश के फोटोग्राफर साथी बूंदी में होने वाली फोटोग्राफी वर्कशॉप में भाग लिया और बून्दी रमणीय स्थलों को देख उनको अपने कैमरे में कैद किया। मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा ने कहा फोटोग्राफर अपनी सजकता जिम्मेदारी निभाता है। ईमानदारी से अपने कार्य के प्रति जगरूक हमेशा बेहतर करने के लिए संकल्पित होता है। उमा शर्मा ने कहा कि संगठन की ओर से आयोजित फोटोग्राफर क्लासेस में हमें भी कुछ सीखने को मिला है। कई फोटोग्राफर अपराधियों को पकड़ने के लिए हमारे लिए वरदानसाबित हुए हैं। सीसीटीवी कैमरे से कैद हुई डल वीडियो को भी अपनी कला से फोटो निकाल कर अपराधियों की तस्वीर हमारे सामने पेश करते हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा ने 25 वर्ष से अधिक फोटोग्राफरों का सम्मान किया। संगठन के सभी पदाधिकारी को नियुक्ति प्रमाण पत्र सोपे। संगठन के अध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राजस्थान में अब तक का बूंदी जिला मुख्यालय पर फोटोग्राफी क्लासेज अव्वल है।

संगठन के अध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने कहा कि बून्दी में नई तकनीक के बारे में कंपनी के कुशल मैटर के द्वारा जानकारी पुराने नए कैमरे खरीदने बेचने की सुविधा हम कौन से लेंस यूज करें ताकि हमारी फोटोग्राफी में और चार चांद लगे लेंस की विशाल रेंज हार्ड ड्राइव पेन ड्राइव हाई स्पीड कार्ड कैमरा एसेसरीज सभी कुछ एक छत के नीचे हमारे सीनियर साथियों का मार्गदर्शन मिला अपने कार्य को और कैसे आगे बढ़ाएं उसके बारे में फोटोग्राफरों को टिप्स मिले। विशिष्ट अतिथि नगर परिषद बूंदी सभापति मधु नुवाल ने कहा कि बून्दी इस कार्यक्रम में दूसरी बार आना हुआ हर बार फोटोग्राफर एक नई मिशाल पेश करते हैं।

फोटोग्राफर वर्कशॉप के विशाल कार्यक्रम में प्रदेश संगठन सचिव अब्दुल खालिक, बून्दी जिलाध्यक्ष मिथलेश श्रृंगी, उपाध्यक्ष रूद्रेश दुबे, सचिव अंचल राठौर, महामंत्री यशवंत शर्मा, कोषाध्यक्ष किशन शर्मा, संगठन मंत्री नवीन योगी, राजकुमार सैनी, गिर्राज शर्मा, सादिक अली, राकेश सैनी, शेखर जाटवा, हिंडोली मंडल अध्यक्ष बृजेश राठौर, नैनवा मंडल अध्यक्ष अब्दुल वासिद, इंदरगढ़ मंडल अध्यक्ष गोविंद गौतम, लाखेरी मंडल अध्यक्ष भंवरलाल आदि उपस्थित थे।

# प्रतिभाओं का सम्मान दूसरों के लिए बनता है प्रेरणा : सत्यानी

## न्यायमूर्ति डॉ बीपी सराफ सम्मान अंतर्गत प्रतिभाओं को मिले सवा पांच लाख की स्कॉलरशिप के चैक और चांदी के 14 मैडल

बढ़ता राजस्थान




**चूरू( सुरेश शर्मा )।** शैक्षिक व सहशैक्षिक प्रतिभाओं के प्रोत्साहन के तहत रतनगढ़ के श्री गांधी बाल निकेतन की ओर से शनिवार को न्यायमूर्ति डॉ. बी. पी. सराफ प्रतिभा सम्मान समारोह में 71 प्रतिभाओं को स्कॉलरशिप के चैक, रजत पदक व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। रतनगढ़ के पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल में हुए कार्यक्रम में जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी, उपखण्ड अधिकारी अमित वर्मा, भामाशाह डॉ. अशोक सराफ, सचिव राजीव उपाध्याय और संस्थाध्यक्ष घनश्यामचन्द्र सोनी मंचस्थ रहे। इस मौके पर जिला कलक्टर सत्यानी ने कहा कि समाज हमें बहुत कुछ देता है। सफल एवं शिक्षित होने के बाद हमें समाज को लौटाने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान न केवल सम्मानित प्रतिभाओं को आगे बढ़ाता है, अपितु समाज की अन्य प्रतिभाओं के लिए भी प्रेरणा का काम करता है। जिला कलक्टर ने कहा कि शिक्षित व्यक्तियों को प्रण लेना चाहिए कि वो तीन अन्य लोगों को भी शिक्षित करेंगे। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि अपने जीवनकाल में हमें कम से कम 14 पेड़ लगाने चाहिए ताकि हमारा भविष्य सुनहरा हो और आने वाली पीढ़ियां केवल सीमेंट-कंकरीट का जंगल छोड़ जाने के लिए हमें नहीं कोसें। भामाशाह डॉ. सराफ ने कहा कि स्कॉलरशिप योजना की शुरुआत अन्य विद्यार्थियों को प्रेरणा देने के लिए की गई थी ताकि सभी विद्यार्थी सकारात्मक मेहनत करते हुए सफल व्यक्ति बन पायें। इस अवसर पर उन्होंने सरदारशहर ब्लॉक के लिए 10 इंटरेक्टिव बोर्ड उपलब्ध करवाने की घोषणा भी की। समारोह में 57 प्रतिभाओं को डॉ. बी. पी. सराफ स्कॉलरशिप के रूप में कुल 5.20 लाख रुपये के चैक, सराफ शिक्षा सम्मान के तहत छह विद्यार्थियों को रजत पदक व प्रशस्ति पत्र, सराफ सेवा सम्मान के तहत सात कार्मिकों को रजत पदक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्था सचिव राजीव उपाध्याय ने अतिथियों का माला, स्मृति चिन्ह एवं गांधी साहित्य भेंटकर स्वागत किया। संचालन कुलदीप व्यास ने किया।

**इन प्रतिभाओं का हुआ सम्मान :** कार्यक्रम के तहत सेवा सम्मान से दीपिका शर्मा, रूपा भोजक, ममता शर्मा, बबीता कुमावत, त्रिभुवन स्वामी, अंकिता माटोलिया, चेतन प्रजापत को सम्मानित किय गया। इसी प्रकार खेल सम्मान में जिया उपाध्याय को तथा शिक्षा सम्मान से रमन सैनी, भूमिका अग्रवाल, तन्वी पारीक, उज्जवल सैनी, यशवी चौधरी व निधि कंवर को सम्मानित किया गया। स्कॉलरशिप के तहत भूमि शर्मा, योगेन्द्र सोनी, दिव्या स्वामी, शाहिद खान, कृष्णा सराफ, यशस्वी चौधरी, निधि कंवर, प्रियंका स्वामी, हिमांशु भरतिया, माही, दीक्षा, उत्सव अग्रवाल, अनिशा शर्मा, शुभम भोजक, भाविका नोखवाल, हर्षिता सराफ, निकिता शर्मा, कशिश, दीपक स्वामी, जया वर्मा आदि को चैक व प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रुप मनाई

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ ( नि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सुनेल में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि( बलिदान दिवस) मनाई गई जिसमें भारतीय जनता पार्टी के पूर्वी विधायक बालचंद आर्यवीर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी महान प्रखर राष्ट्रवाद एवं शिक्षाविद थे भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार दुबे कार्यकर्ताओं को संबोधित किया उनका जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता के परिवार में डॉक्टर संबलपुर का जी का जन्म उनके पिता कर आशुतोष मुखर्जी बहुमुखी प्रतिमा की देनी थी एवं शिक्षाविद के रूप में विख्यात है डॉ मुखर्जी ने 22 वर्ष की आयु में उनका विवाह सुधा देवी से हुआ उन्होंने कश्मीर के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी पर कभी जवाहरलाल नेहरू से समझौता नहीं किया और दो प्रधान दो विघान दो निशान को ही खत्म कर के कश्मीर में यह परमिट राज्य को खत्म करू का इस के लिए अपना उन्होंने अपना बलिदान दे दिया आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका जो सपना साकार किया डॉ मुखर्जी का 23 जून 1953 को एक बंदी के रूप में उनका निधन हो गया प्रधान सीता कुमारी भील कार्यकर्ताओं को संबोधित 1939 से राजनीति में भाग लिया और आजीवन इसमें लग रहे अगस्त 1947 को स्वतंत्र भारत के प्रथम मंत्रिमंडल में एक गैर कांग्रेसी मंत्री के रूप में उन्होंने वित्त मंत्रालय का काम संभाल डॉक्टर मुखर्जी ने चिंतन रंजन में रेल इंजन का कारखाना विशाखापट्टनम में जहाज कारखाने स्थापित करें जिससे जनपद ईश्वर सिंह जी सोनगरा मंडल महामंत्री कमलेश पाटीदार मंडल महामंत्री योगेन्द्र जोशी बालकृष्ण जी पंडित बालचन्द्र मेहरा राजेंद्र टेलर( काका ) विनोद नागर प्रेम जी पालीवाल राजेश प्रजापत अजीत दुबे आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कंटेनर की टक्कर से एक की मौत

बढ़ता राजस्थान

**पीपलू ( नि.सं. )।** बरोनी थाना क्षेत्र के वैष्णो देवी मंदिर के पास नेशनल हाईवे 52 पर एक कंटेनर की टक्कर से युवक की मौत हो गई बरौनी एएसआई राजा ने बताया उत्तम सिंह पुत्र विष्णु सिंह उम्र 23 वर्ष निवासी गुदलया थाना बनेठा रोड पार कर रहा था जिसे सामने से आ रहे कंटेनर ने टक्कर मार दी जिसकी मौके पर ही मौत हो गई शव को टोंक सहादत अस्पताल मोर्चरी में रखवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया । कंटेनर को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा करवारकर अनुसंधान शुरू किया गया।

# श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी



बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( नि.स. )।** भाजपा इकाई साहवा मंडल के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय चाचाण धर्मशाला में बैठक रखी गई जिसमें राष्ट्र की सेवा के लिए अपना जीवन अर्पित कर देने वाले भारतीय संस्कृति के नक्षत्र, अखिल भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी, श्रद्धेय डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर कार्यकताओ द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई ।इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश सहारण, युवा भाजपा नेता महेंदर खान कुम्हार, सहित भाजपा कार्यकर्ताओ ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर विस्तार पूर्वक चित्रण किया ।इस अवसर पर प्रमोद उपाध्याय, रघुवीर पारीक, मंगेजसिंह बालापोता, कर्मचंद नैन, किशन स्वामी, हजारीदान चारण,मदनलाल रैगर ,निर्मल दुदानी, कृष्णलाल बोहरा, रामवतार जोशी, घनश्याम शर्मा, प्रवीण पारीक इत्यादि अनेक भाजपा कार्यकर्ताओ ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प आर्पित कर श्रद्धाजंलि दी।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान में भाजपा ने लगाया पौधा

बढ़ता राजस्थान

झुनझुनू( नि.स. )। भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत भाजपा ज़िलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी के नेतृत्व में ज़िले के सभी मंडलों पर रविवार को एक एक पौधा लगाया गया। इसी क्रम में झुझुनू नगर मण्डल में नगर मण्डल अध्यक्ष कमल कान्त शर्मा की अगुवाई में बगड़ रोड़ स्थित मुनि आश्रम परिसर में भाजपा नगर मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा ज़िलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी के मुख्य आतिथ्य में एक पौधा लगाया गया।

इस मौक़े पर राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विश्वंभर पुनिया, जिला संयोजक सोशियल मीडिया पार्षद चंद्र प्रकाश शुक्ला, आईटी ज़िला संयोजक सौरभ सोनी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष इंद्राज सैनी, महेश जिनगर, नगर महामंत्री विजय शंकर जोशी, विजेंद्र हटवाल, मनोज कुंडलवाल, नगर उपाध्यक्ष ललित जोशी, रवि लांबा, रामनिवास सैनी, विकास पुरोहित, ग्रामीण मंडल से इन्द्राज सैनी, राजेन्द्र ठठेरा, लीलाधर पुरोहित, महेंद्र सोनी मणि विहार, एडवोकेट अनुपम शर्मा एवं कंचन कुमावत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चूरू शहर में अग्रसेन फाटक पर बनेगा चार लेन आरओबी

बढ़ता राजस्थान



**चूरू ( सुरेश शर्मा )।** सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा चूरू शहर में अग्रसेन समपार फाटक पर चारलेन आरओबी निर्माण हेतु जारी निविदा स्वीकृत की जा चुकी है। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया की जल्द ही फर्म को कार्यादेश देकर निर्माण कार्य प्रारम्भ करवाया जाएगा। उन्होंने कहा है कि रेलवे ओवर ब्रिज बनने से शहर में लगने वाले जाम से आमजन को राहत मिलेगी, उनके समय की बचत होगी। गौरतलब है कि लगभग 97.95 करोड़ रुपये की लागत से सहभागिता के आधार पर चारलेन आरओबी निर्माण हेतु विभाग द्वारा निविदा जारी की गई थी जिसमें विभिन्न फर्मों ने भाग लिया और न्यूनतम दरें प्रस्तुत करने वाली फर्म को 77.21 करोड़ रूपये की लागत की यह निविदा स्वीकृत की गई है।

इसी प्रकार कोटा जिले के चंबल नदी पर लगभग 165 करोड़ रूपये की लागत से झरेल के बालाजी उच्च स्तरीय पुल तथा कालीसिंध नदी पर लगभग 91.91 करोड़ रूपये की लागत से प्रगतिरत निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, डिजाइन परीक्षण एवं प्रभावी मॉनिटरिंग कार्य हेतु सेवाकार्यों की 3.27 करोड़ रूपये की निविदाएं स्वीकृत की गई है। उपमुख्यमंत्री ने इन कार्यों के अविलम्ब कार्य आदेश जारी कर समय पर काम पूरा करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

# जीएसटी इंस्पेक्टर सजलिनी का ग्रामीणों ने ऐसे किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**पीपलू ( नि.सं. )।** उपखंड की ग्राम पंचायत झिराना में उस समय माहौल उत्सव की तरह हो गया जब गांव की रहने वाली बेटी शालिनी बैरवा पिता इंद्रपाल बेरवा (नेत्र चिकित्सा सहायक) गांव वापस लौटी। शालिनी बैरवा का गांव लौटना इसलिए खास था क्योंकि अब वो गुजरात के बड़ोदरा में जीएसटी इंस्पेक्टर बन चुकी है।

ट्रेनिंग और नौकरी ज्वाइन करने के बाद शालिनी पहली बार अपने गांव लौटी थी झिराना में अंबेडकर युवा छोटा बड़ा संस्थान के संस्थापक कवि राजकुमार धवन ने कहा की आने वाले समय में धर्मशाला में लाइब्रेरी का निर्माण कार्य किया जायेगी शालिनी के पिता इंद्रपाल बैरवा ने धर्मशाला निर्माण को लेकर11000/- विकास के लिए दिए । इस अवसर पर सीताराम बेरवा अध्यापक ,कजोड़ ,बनवारी लाल बेरवा, रामकिशोर बेरवा, मुकेश बैरवा, ने अंबेडकर की प्रतिमा भेंट कर फूल माला साफा पहनाकर के उनका स्वागत किया ।


## कार्यालय मुख्य वन संरक्षक वनवर्धन राजस्थान जयपुर ग्रास फार्म नर्सरी, खातीपुरा रोड, जयपुर

ईमेल: ccf.silva.forest@rajasthan.gov.in

क्रमांक : एफ06 ( ) विकास/मुवंस/सिल्वा/2024-25/ दिनांक

### खुली-निविदा विज्ञप्ति दिनांक

सर्वसाधारण विशेषकर बीज संग्रहण एवं परिवहन वाली फर्मों/ठेकेदारो / संस्थाओं आदि को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय अधीन रेन्ज क्षेत्रीय वन अधिकारी बीज (संग्रह एवं भण्डार) ग्रास फार्म नर्सरी जयपुर मे बीज एकत्रित एवं परिवहन करने की आवश्यकता है। उक्त बीज एकत्रित एवं परिवहन हेतु दिनांक 24.06.2024 को दोपहर 2.30 बजे तक मुहरबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है, इच्छुक निविदादाता अपनी निविदायें इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त निविदायें उसी दिन शाम 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगीं।

| क्र.सं. | सामग्री का विवरण | कुल मात्रा/वजन (कि.ग्राम में) | अनुमानित कीमत (रु.) | निविदा शुल्क | प्रतिभूति अमानत राशि (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | देशी बबूल का बीज 3300 Kg SPA घड़साना रावला रोड़ तथा 2800 Kg SPA बीड़ गोविन्दपुरा जयपुर बीज एकत्रित एवं परिवहन का कार्य | 6100 कि ग्रा. | 378148/- | 200/- | 7563/- |
| 2. | पीलू का बीज 100 Kg SPA झुंझुनूं/ बाड़मेर/ जैसलमेर एवं ढाक / छीला का बीज 100 Kg SPA अलवर से एवं खेजड़ी का बीज बीड़ गोविन्दपुरा जयपुर से बीज एकत्रित एवं परिवहन कार्य | 300 कि ग्रा. | 42851/- | 200/- | 857/- |
| 3. | | योग | 420999/- | | 8420/- |

शर्तें

1. निविदा की अन्य शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है एवं इसके अतिरिक्त यदि किसी निविदादाता को निविदा के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त करनी हो तो इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है।
2. निविदा प्रपत्र सीधे पोर्टल से भी डाउनलोड किया जा सकता है, पोर्टल से निविदा प्रपत्र प्राप्त करने निविदा शुल्क राशि रू. 200/-रू0 का डी.डी. उप वन संरक्षक अनुसंधान जयपुर के नाम निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
3. मोहरबन्द लिफाफे में दिनांक 24.06.2024 को दोपहर 2.30 बजे तक निविदा कार्यालय उप वन संरक्षक, अनुसंधान जयपुर के नाम भेजी जावे।
4. निर्धारित समय के पश्चात निविदा प्राप्त होने पर अमान्य कर दी जावेगी।
5. अधोहस्ताक्षरकर्ता को किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार होगा।

DIPR/C/4534/2024

उप वन संरक्षक
अनुसंधान जयपुर

## कार्यालय चिकित्सा अधिकारी प्रभारी एवं सचिव मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-मालपुरा

**क्रमांक / स्टोर/2024/638** **दिनाकं 12.06.2024**

निविदा सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार द्वारा संचालित जनस्वास्थ्य के लिए विभिन्न योजनाओ के अन्तर्गत निम्नानुसार कार्यों एवं सामग्री आपूर्ति तथा सेवाओं के प्रदान करने की वर्ष 2024-25 के लिए निविदाऐ आमत्रित की जाती है। सभी अंकित मूल्य/राशि-रूपये में

| क्र. सं. | विवरण | अमुमानित मूल्य | निविदा फार्म मूल्य | निविदा का प्रकार | निविदा फार्म विक्रय की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्टेशनरी | 170000 | 200 | खुली प्रकार की | निविदा फार्म दिनांक 13.06.2024 से 24.06.2024 को सायं 05 बजे तक किसी भी कार्यालय दिवस में निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त किये जा सकते है एवं निविदा फार्म जमा कराने की अंतिम तिथि 25.06.2024 को दोपहर 12 बजे तक है निविदा फार्म दिनांक 25.06.2024 को 02.00 बजे उपापन समिति द्वारा खोले जायेंगे। देरी से सशर्त एवं बिना धरोहर राशि (डीडी) के निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। |
| 2. | प्रिटिंग | 160000 | 200 | खुली प्रकार की | |
| 3. | एक्स-रे | 400000 | 200 | खुली प्रकार की | |
| 4. | लेब सामग्री | 650000 | 200 | खुली प्रकार की | |
| 5. | अस्पताल के सम्पूर्ण परिसर व डिलीवरी पॉईन्ट का सफाई कार्य मय सामग्री एवं मानव संसाधन आपूर्ति | 500000 | 200 | खुली प्रकार की 6 कार्मिक | |
| 6. | मानव संसाधन | 800000 | 200 | खुली प्रकार की | |
| 7. | दवाईयां एक्सर्जिकल | 400000 | 200 | खुली प्रकार की | |

किसी भी निविदा उस के भाग या समस्त निविदाओ को बिना कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षर कर्ता का होगा।

1. निविदा धरोहर राशि का 2 प्रतिशत राशि का डिमांड ड्राफट तकनिकि बिड के साथ प्रस्तुत करना अनिर्वाय है।
2 उपरोक्त निविदाएँ sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है।
3 उपरोक्त कार्य एवं आईटम हेतु समस्त नियम एवं निविदा की शर्तें निविदा पत्र में अंकित है जो कि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखी जा सकती है।
4. कीसी भी वाद-विवाद हेतु स्थानीय न्यायालय कार्यक्षेत्र होगा।
5. उक्त सभी निविदाओं में राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के समस्त प्रावधान लागू होगे।

NIB code MHS2425A0197
UBN is : MHS2425GSOB00279
UBN is : MHS2425GSOB00280
UBN is : MHS2425GSOB00281
UBN is : MHS2425GSOB00282
UBN is : MHS2425GSOB00283
UBN is : MHS2425GSOB00284
UBN is : MHS2425GSOB00285

सदस्य सचिव
राज. मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी
सामु. स्वा. केन्द्र मालपुरा ( टोंक )

## कार्यालय अधिशषी अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग खण्ड टोंक

क्रमांक अअ टोंक/जन.स्वा./निविदा/2024-25/1795-1800 दिनांक 19.06.2024

**निविदा सूचना 18-19/2024-25 के लिये नोट प्रकाशन**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस खण्ड के अधीनस्थ निम्न कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से निविदा में अंकित दिवस तक किसी भी कार्य दिवस को निविदा शुल्क राशि नकद जमा करवाकर प्राप्त किये जा सकते है। डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्रों का निविदा शुल्क खजांची को नकद अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट से धरोहर राशि के साथ जमा कराना आवश्यक होगा। अन्यथ निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

| | | |
|---|---|---|
| **निविदा का कार्य** | : | O&M of valve for 24 Months under Jurisdiction of Tonk City Various Chowki City Sub Division Tonk. |
| NIB No. | : | PHE2425A0828 |
| UBN no. | : | PHE2425WSRC01828 & PHE2425WSRC01829 |
| निविदा बेचने की तारीख | : | 04.07.2024 सायं 6.00 बजे तक |
| निविदा शुल्क जमा कराने की तारीख | : | 04.07.2024 सायं 6.00 बजे तक |
| धरोहर राशि जमा कराने की तारीख | : | 05.07.2024 सायं 1.30 बजे तक |
| निविदा प्राप्त करने की तारीख | : | 05.07.2024 सायं 3.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | : | 05.07.2024 सायं 3.30 बजे तक |

संवेदक Rajasthan Public Procurement Portal वेबसाईट से उक्त निविदा का विवरण प्राप्त कर सकते है।

अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग
खण्ड टोंक

# शिक्षकों का सम्मान हमारा ध्येय, शिक्षक दे शिक्षा पर ध्यान : मुख्यमंत्री भजनलाल

## राज शिक्षक संघ राष्ट्रीय के महासमिति अधिवेशन में लिया सीएम सहित शिक्षा मंत्री ने भाग





बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश महासिमिति अधिवेशन कार्यक्रम में धौलपुर बाड़ी के बीच बिजौली पर रविवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शिरकत की। करीब एक डेढ़ घंटे देरी से पहुंचे सीएम भजनलाल शर्मा जब कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे तो मौसम बदला और तेज हवाओं के साथ बारिश होने लगी। इस पर मुख्यमंत्री ने इस मौसम के सुहावना होने और स्वागत करना बताया। इसके बाद जब वे मंच पर पहुंचे तो उन्होंने उपस्थित जन समूह का हाथ जोड़कर आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश अध्यक्ष रमेशचंद्र पुष्करणा, सभाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा,महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा,देवेश कुमार शर्मा सहित तमाम पदाधिकारी ने मंच पर सीएम भजनलाल सहित शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम का स्वागत किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ महेंद्र कपूर और संगठन मंत्री अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ घनश्याम मौजूद रहे। इस दौरान क्षेत्र प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ निंबाराम ने मुख्य वक्ता के रूप में मंच पर शिरकत की।

मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में सभी शिक्षक संघो का आभार जताया और शिक्षकों से मांग की कि वे शिक्षा पर ध्यान दें। आज शिक्षा का स्वरूप बदल रहा है। ऐसे में शिक्षक का दायित्व बढ़ जाता है। शिक्षक का सम्मान हमारा ध्येय है। हम बजट सहित हर काम में शिक्षक के सुझाव लेते हैं। राजस्थान आगे बड़े विकसित राज्य बने,विकसित भारत बने, ऐसी योजना हमें बनानी होगी। शिक्षकों की जो भी समस्याएं हैं वह हमारी समस्याएं है। शिक्षक होने के खातिर आपकी जिम्मेदारी है कि आप भी राज्य और देश हित में अपना सहयोग दे।

उन्होंने अपने उद्बोधन में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र किया और स्वामी विवेकानंद के 21वीं सदी के भारत को लेकर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने जो सपना देखा था उसे आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी सफल करने में जुटे हैं। सीएम ने अपनी उद्बोधन में सरकारी विद्यालयों के विकास पर चर्चा की और निशुल्क शिक्षा को लेकर अपनी वचनबद्धता दोहराई। उन्होंने आगामी बजट में शिक्षा पर क्या बदलाव किए जाएं और क्या नए प्रयोग इसको लेकर शिक्षक संघो से सुझाव मांगे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने भी अपना उद्बोधन दिया और शिक्षा के क्षेत्र में किया जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान राज्य मंत्री एवं धौलपुर प्रभारी जवाहर सिंह बेढम ने भी अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम के समापन से पूर्व राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के लोगों का भी मंच से सीएम भजनलाल ने विमोचन किया।

कार्यक्रम में भरतपुर आईजी राहुल प्रकाश,धौलपुर एसपी सुमित महरेड़ा,धौलपुर कलेक्टर श्रीनिधि बीटी के साथ पूर्व विधायक गिरिराज मलिंगा,धौलपुर भाजपा जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर सहित तमाम विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# बच्ची को बहलाकर ले जाते युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा, जमकर की पिटाई किया पुलिस के हवाले

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( नि.स. )।** कस्बे के हमीरपुर में शनिवार को एक युवक एक छोटी बच्ची को बहला फुसलाकर कर अपहरण कर ले जाते समय ग्रामीणों ने पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना हमीरपुर में शनिवार शाम क़रीब 6 बजे की है। जहा एक परिवार में किसी की मौत हो गई थी। परिवार के सभी लोग अंतिम संस्कार करने गए हुए थे। इसी दौरान एक युवक आया और एक छोटी बच्ची को उठाकर लेकर जा रहा था। गोद में उठाकर ले जाते समय बच्ची रोई तो पास में गाय का दूध निकाल रही उसकी मां चिल्लाई तो उसी समय परिवार के लोग दाह संस्कार से लौट रहे थे।इसी दौरान युवक को पकड़ लिया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग इकठ्ठा हो गए और पिटाई कर दी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना हमीरपुर पुलिस चौकी को दी। ग्रामीणों ने युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस युवक से पूछताछ कर रहीं हैं। एएसआई रामजश ने बताया कि हमीरपुर के नई कोठी ढाणी में शनिवार को एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई थीं। परिजन महिला का दाह संस्कार करने गए हुए थे। इसी दौरान पिछे से दिनेश गुर्जर निवासी बेरी (सरुण्ड) एक तीन -चार साल की बच्ची को उठाकर ले जा रहा था। इसी दौरान बच्ची की दादी ने देख लिया तो शोर मचा दिया। उस समय ही परिजन महिला का दाह संस्कार कर वापस लौट रहें थे तो युवक को पकड़ लिया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवक से पूछताछ कर रहीं हैं।

# आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से करवाया योगा



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान पुलिस ट्रेनिंग सेंटर, ठेकड़ा, अलवर में चैप्टर की और से वरिष्ठ फैकल्टी श्रीमती मंजू चौधरी , योगाचार्य वरुण कक्कड़, एवम अलवर् नवीन धामानी के द्वारा योग अभ्यास करवाया गया।इस अवसर पर एडिशन एसपी के.एल.सैनी, एवम इंस्पेक्टर जितेन्द्र कुमार नावरियां और स्टाफसहित 140 से अधिक लोगो ने भाग लिया। स्कीम 2 ए लाजपत नगर के पार्क में आर्ट ऑफ लिविंग अलवर युवा की टीम दीक्षांत ललवानी, वैशाली गोठवाल के नेतृत्व में लोगों को योगाभ्यास करवाया। इस अवसर पर गीता साधवानी भी उपस्थित रही।इसके अतिरिक्त वरिष्ठ फैकल्टी एन एस भूटानी एवं अनिता गुप्ता द्वारा न्यू मोनालिसा सेकेंडरी स्कूल और दून वैली सेकेंडरी स्कूल के स्टाफ को, स्कूल परिसर हाल मेडिकल कॉलोनी,शास्त्री नगर में सुबह 90मिनट्स योग अभ्यास करवाया गया। संस्था के निदेशक के.एल.भूटानी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इसके अलावा भी युवा फैकल्टी राहुल यादव के नेतृत्व मेंए वैशाली गोठवालए मीडिया उप प्रभारी संजय बांगा द्वारा सेंट्रल जेल में भी योग दिवस के उपलक्ष्य में जेल स्टाफ , महिला और पुरुष कैदियों को योग अभ्यास करवाया गया। लगभग 90 से अधिक लोगो ने लाभ लिया। इस कार्यक्रम में जेल अधीक्षक शिवेन्द्र सिंह जी एवम स्टाफ मेंबर्स भी उपस्थित रहे। चोपनकी भिवाड़ी में बीके टायर फैक्ट्री में अलवर भिवाड़ी जोन के प्रभारी सत्येन्द्र पाठक और अन्य सहयोगियों के द्वारा लगभग 60 लोगो को योगाभ्यास करवाया । अलवर जिला मीडिया समन्वयक एन एस भूटानी द्वारा उपरोक्त जानकारी दी गई।

## सनाढ्य ब्राह्मण समाज का दो दिवसीय परशुराम जयंती महोत्सव

# शहर में निकली शोभायात्रा, समाज की प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में सनाढ्य ब्राह्मण सेवा समिति द्वारा दो दिवसीय भगवान परशुराम जयंती महोत्सव का आयोजन शनिवार से किया गया। उक्त आयोजन में जहां शनिवार को रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता के साथ बड़े बुजुर्गों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वहीं दूसरे दिन रविवार को परशुराम शोभायात्रा के साथ परशुराम भगवान की प्रतिमा की पूजा अर्चना के साथ प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सनाढ्य ब्राह्मण सेवा समिति के अध्यक्ष मुकेश विधौलिया ने बताया कि हर वर्ष भगवान परशुराम के जयंती महोत्सव का आयोजन समाज द्वारा किया जाता है। उक्त आयोजन में प्रथम दिन शनिवार को रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता के साथ पत्र वाचन प्रतियोगिता एवं भारतीय संस्कृति और सामान्य ज्ञान परीक्षा के आयोजन के साथ समाज के बड़े बुजुर्गों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उक्त प्रतियोगिता में जितने भी विजेता प्रतिभागी रहे। वही समाज के जिन युवाओं ने बोर्ड परीक्षाओं के साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में विशेष प्रदर्शन किया। उनके सम्मान को लेकर रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन परशुराम धर्मशाला में किया गया। इस कार्यक्रम से पूर्व भगवान परशुराम की प्रतिमा की विशेष पूजा अर्चना की गई और परशुराम भगवान का आशीर्वाद लिया गया। इसके बाद शाम चार बजे से परशुराम धर्मशाला से शोभायात्रा का आयोजन किया गया। उक्त शोभायात्रा में राजाखेड़ा की भाजपा प्रत्याशी नीरजा शर्मा के साथ बाड़ी के पूर्व विधायक गिर्राज मलिंगा,भारतीय जनता पार्टी धौलपुर के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर, कांग्रेसी नेता अमित मुदगल, श्यामू पंडित एवं अन्य अतिथियों ने शिरकत की। शोभायात्रा शहर की परशुराम धर्मशाला से जब रवाना हुई और शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरी तो जगह-जगह स्वयंसेवी संस्थाओं और विभिन्न समाजों के लोगों द्वारा स्वागत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शोभायात्रा संयोजक चंद्रमोहन पचौरी ने बताया कि भगवान परशुराम शोभायात्रा कार्यक्रम को लेकर पिछले एक पखवाड़े से तैयारी चल रही थी समाज के युवाओं के सहयोग से आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के दौरान सनाढ्य ब्राह्मण सेवा समिति के ट्रस्टी अध्यक्ष एडवोकेट रवि पचौरी, राजू शर्मा पूर्व वाइस चेयरमैन महेश अवस्थी धीरज पप्पू कोषाध्यक्ष आकाश कपरेला, धर्मेंद्र विधोलिया,मनोरंजन शर्मा, प्रमोद मुद्गल ,दारा सिंह पचोरी, राजेश मुद्गल, यश पाराशर, हरेश भंडारी,सचिन दीक्षित, रवि समाधिया, भुवनेश्वर शर्मा,भारत भूषण भारद्धाज, जीतेन्द्र समाधिया, के साथ तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अवैद्य देशी शराब बेचते हुए एक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (नि.स.)।** कस्बे के निकटवर्ती हरसौरा थाना पुलिस ने 100 दिवसीय कार्ययोजना को लेकर कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैद्य देशी शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया है। हरसौरा थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि गस्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली की माजरा ढाकोडा शमशान के पास एक युवक सफेद कट्टे में अवैध शराब लेकर खड़ा है और कही लेकर जाने को फिराक में है। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची जहा युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। इसी दौरान पुलिस ने युवक को पकड़ लिया। जिसको लेकर युवक के कट्टे से चैक किया तो कट्टे में अवैद्य देशी शराब के 50 पव्वे बरामद कर विक्रम गुर्जर निवासी सुंदरपुरा को गिरफ्तार किया है।

# जन जन की आस्था के केन्द्र जगन्नाथ मंदिर में भगवान का 108 कलशो व पंचामृत व दुग्ध से किया अभिषेक



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** मंहत पूरणदास व मदनमोहन शास्त्री ने बताया कि अभिषेक के पश्चात् भगवान के गणेश रूपी श्रृंगार की झांकी के दर्शन दिए गए तथा इसके बाद जगन्नाथ पन्द्रह दिनो तक गर्भगृह में चले गए। गर्भग्रह में प्रवेश करने पर भगवान जगन्नाथ का औषधी युक्त काढ़े आदि से ईलाज किया जाएगा। पौराणिक परम्पराओ के अनुसार कहा जाता है कि भगवान को स्नान कराने के बाद ज्वर पीड़ा होती है और ज्वर से निजात दिलाने के लिए 15 दिनों के लिए गर्भग्रह में विराजमान करवाया जाता है। मंहत ने बताया कि आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा 06 जुलाई को भगवान गर्भगृह से बाहर आकर भक्तो को दर्शन देगें एवं बताया की पुरी के परम्परा के अनुसार इस दिन स्नान से भगवान जगन्नाथ समस्त जीवों का कल्याण करते है। इसी दिन नैत्रोत्सवए मंदिर मार्जन व गणेश पूजन होगा। 7 जुलाई को भगवान चौपड बाजार से जानकी ब्याहने ऐतिहासिक मेला स्थल गंगाबाग पहुंचेगे।

# 250 ग्राम अवैध डोडा पोस्त चुरा सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** स्थानीय थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्यवाही करते हुये एक अभियुक्त को 250 ग्राम अवैध डोडा पोस्त चुरा सहित गिरफ्तार किया है। एसपी वंदिता राणा ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थ, शराब के विरूद्ध एवं वांछित अपराधियों के विरूद्ध अधिक से अधिक प्रभावी कानूनी कार्यवाही करने हेतु एएसपी नेमसिंह के निर्देशन व डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के सुपरविजन में कार्यवाहक थाना प्रभारी श्याम सुन्दर के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था। टीम ने मेहनत व लगन से कार्य करते हुये आसूचना संकलन कर कोटपूतली कस्बे से 250 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त चुरा सहित अभियुक्त मोहन लाल उर्फ मोनू शर्मा (23) पुत्र अशोक कुमार शर्मा निवासी लेकड़ी, बानसूर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

# महिलाओं ने सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट के विरोध में किया सांकेतिक धरना प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( नि.स. )।** ग्राम चतुर्भुज स्थित श्री ध्यान जी महाराज की तपोस्थली पर रविवार को ग्रामीण महिलाओं द्वारा सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट के विरोध में सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। धरने में महिलाओं द्वारा यह प्रण लिया गया कि सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट को बनने से रोका जाये। इस मौके पर चन्द्रशेखर शर्मा ने सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट के बनने से होने वाले दुष्परिणामों के बारें में बताया। धरने पर जिला पार्षद प्रेम देवी, मीना देवी शर्मा, सावित्री देवी, ज्ञानवती यादव, बनारसी यादव, राजवन्ती देवी, गीता देवी शर्मा, मंजू स्वामी, चन्द्रावती देवी, मूर्ति देवी स्वामी, गीता देवी, ललिता शर्मा, सुशीला देवी, भगवती, गीता, सोमवती, संतरा आर्य, सन्तोष, कमलेश, गिरिराज भारती, योगेन्द्र स्वामी, गिरिराज स्वामी, खेमचन्द स्वामी, विक्रम सैन, हिमांशु शर्मा, रोहित स्वामी, गौरव शर्मा, यतिन, लोकेश शर्मा, अनिल भरगड़, राकेश, अतुल समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्रशासन ने की व्यवस्था..बांध भरने की बनी आस

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** ये तस्वीर जो आप देख रहे हैं ये नटनी का बारां की है जहां कुछ दिनों पहले तक जलकुंभी उग जाने के कारण पानी दिखाई ही नहीं दे रहा था। इसके अलावा इसकी सफाई नहीं होने के कारण ये बारिश का पानी बांधों तक पहुँच नहीं सकता था। ऐसे में सोशल मीडिया के जरिए प्रशासन तक नटनी के बारां का हाल और बारिश के दौरान जलराशि का बांधों तक नहीं पहुँचने का संदेश गया।

जिला कलक्टर आशीष गुप्ता ने नगर विकास न्यास सचिव स्नेहिल नाना आईएएस की मोनेटरिंग में एक टीम गठित की लगातार तीसरे दिन जेसीबी की मदद से की जा रही सफाई के बाद आप देख रहे हैं कि अब यदि बारिश आ भी जाए तो जलकुम्भी हटा दी गई हैं और जलराशि बांधों तक पहुँच ही जाएगी। शहर के जागरूक लोगों ने इस प्रयास के लिए प्रशासन का आभार प्रकट किया है।

# समर कैंप के माध्यम से बच्चे सीख रहे हैं सनातन संस्कार

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** गायत्री शक्तिपीठ अलवर पर चल रहे समर कैंप उत्कर्ष के दूसरे दिन बालकों ने उनके अभीभावकों के साथ यज्ञ में आहुति दी। तत्पश्चात गायत्री परिवार के जिला सामन्वयक सतीश बढ़ाया मुरारी लाल शर्मा , अमित वशिष्ठ, अशोक शर्मा बेलाका ने दीप पूजन किया ।दीप प्रज्वलन के पश्चात मुरारी लाल शर्मा ने बालकों को उपासना साधना और आराधना के सूत्रों को आसान भाषा में परिभाषित किया। जिला युवा प्रभारी जितेंद्र यादव ने बालकों को अभ्यास आदत एवं व्यक्तित्व निर्माण के बारे में बताया। मुकेश गुप्ता ने बालकों को प्रज्ञा योग करवाया। इस अवसर पर बढता राजस्थान के संपादक रूपक शर्मा ने अपने छायाकार राहुल कुमार के साथ देवपूजन किया। इस अवपर उन्हें पौधा एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया। रूपक शर्मा ने बालकों को निर्भीक, निडर और साहसी बनकर अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया, उन्होंने बताया कि अंधेरे से कभी नहीं घबराना चाहिए बस हिम्मत के साथ डटे रहना चाहिए। डॉक्टर आदित्य विजय ,डॉक्टर अनुराधा जी, डॉक्टर कुमकुम जी एवं डॉक्टर सरोज गुप्ता जी ने मोबाइल एडिक्शन , उसके दुष्प्रभाव ,स्वस्थ रहने की दैनिक दिनचर्या की बातें बाल सुझाव भाषा में समझाइए ।श्री अशोक तिवारी जी ने म्यूजिकल चेयर तथा रुमाल झपट्टा आदि खेल बालकों को खिलाएं।

# पक्षियों की रक्षा हम सबका कर्तव्य : महेन्द्र गागल

## पूर्व मंत्री ने पार्क में लगाए परिण्ड़े



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** पूर्व मन्त्री हेम सिंह भडाणा ने रविवार को पक्षियों की रक्षा के लिए उनके जीवन के लिए वीर सावरकर नगर पार्क में परिण्ड़े लगाए और वीर सावरकर नगर कॉलोनी मे एक हजार पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा। पूर्व मंत्री द्वारा सभी कॉलोनी वासियो से कहा की सभी अपनी जिम्मेदारी से पेडो की सुरक्षा करें । इस दौरान कॉलोनी के सभी वाशिंदे और वीर सावरकर नगर समिति के अध्यक्ष व युवा समाजसेवी महेन्द्र गागल भी मौजूद रहे।

इस दौरान मीडिया से बात करते हुए गागल ने कहा कि पूर्व मंत्री हेम सिंह जी भी इसी कॉलानी में रहते हैं ऐसे में एक हजार पौधे लगाने का उनका लक्ष्य पर्यावरण के हित में है। कॉलोनी वासी भी इस कर्तव्य में साथ दें ताकि एक भी पौधा सूखे ना और वो पेड बने। साथ ही पक्षियों के लिए परिण्ड़े लगाए हैं सब उसमें नियमित पानी डा्ले।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का एक राष्ट्र एक निशान एवं एक विधान सपना पूरा हुआ : मुकेश सक्सेना

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** दिनांक 23 जून 2024 को धौलपुर शहर मंडल द्वारा जजुआ बाली माता मंदिर पर पुराने शहर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनसंख्या संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भरतपुर संभाग सह मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सेना रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मुस्ताक कुरैशी ने की, कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर की गई एवं सभी कार्यकर्ताओं द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुकेश सक्सेना ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई जाती है डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना था एक राष्ट्र, एक निशान, एक विधान हो जिसको भाजपा की मोदी सरकार ने पूरा किया है, मंडल अध्यक्ष मुश्ताक कुरैशी ने कहा कि देश की एकता को और अधिक मजबूत करने की दिशा में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अद्वितीय प्रयासों के लिए प्रत्येक भारतीय उनका ऋणी है।

इस अवसर पर मंडल महामंत्री फैजल खान, पार्षद इमरान कुरेशी, पूर्व पार्षद इंद्र लाल कोली, गब्बर उस्मानी, रोहित, सलीम खान, अजय, राकेश, युसूफ कपिल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बलिदान दिवस के रूप में मनाई जनसंघ के संस्थापक डॉ. मुखर्जी की पुण्यतिथि

# जनसंघ के सिद्धांतों पर चलकर ही आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी : कृपलानी

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने रविवार को निम्बाहेड़ा के जे.के. तीराहे पर स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सर्कल पर जनसंघ के संस्थापक एवं प्रथम अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर निम्बाहेड़ा विधायक एवं पूर्व यूडीएच मंत्री श्रीचंद कृपलानी ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनसंघ के संस्थापक डॉ. मुखर्जी के सिद्धांतों पर चल कर आज भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ एवं सेवाभावी कार्यकर्ताओं ने अपने खून पसीने से पार्टी को सींचकर भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनाया तथा तीसरी बार हुए लोकसभा चुनाव में जीत हासिल की। इस बलिदान दिवस के अवसर पर कृपलानी ने जनसंघ के समय के नींव के पत्थर समान रूपी कार्यकर्ताओं को साधुवाद वंदन भी किया।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम के आरम्भ में विधायक एवं पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री श्रीचंद कृपलानी सहित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान सभी ने डॉ. मुखर्जी अमर रहे के नारे भी लगाए। इस अवसर पर विधायक कृपलानी के साथ पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, वरिष्ठ पार्षद पारस पारख, पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, कनेरा मंडल अध्यक्ष जुगल किशोर धाकड़, भाजपा नगर निकाय प्रकोष्ठ जिला संयोजक प्रदीप मोदी, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार, कमलेश बुनकर, भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष रोशन राठौड़, नगर उपाध्यक्ष नरेश आमेटा, पुष्कर सोनी, नगर मंत्री धर्मपाल जाट, महिपाल सिंह राणावत, पार्षद जगदीश चंद्र माली, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे।




## डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा ने कपासन में श्रद्धासुमन अर्पित किए

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर रविवार को भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित किये गये।

भाजपा नगर महामंत्री सोहनलाल खटीक ने बताया कि भारतीय जनसंघ संस्थापक सदस्य डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा नगर मंडल द्वारा नगर में स्थित क्षैत्रीय विधायक कार्यालय पर डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ श्रद्धासुमन अर्पित किए गये इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया ने डॉ. मुखर्जी के जीवनकाल से परिचय कराते हुवे कहाकी डॉ. मुखर्जी ने देश में एक विधान एक निशान के लिए बलिदान दिया।

इस अवसर नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी, पार्षद व नगर महामंत्री अशोक विजयवर्गीय, भाजपा एससी मोर्चा जिला संयोजक भागीरथ चंदेल,किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय सोनी,नगर मंत्री शिवलाल माली,हंसमुख टेलर,कार्यालय सहायक केसर सिंह आदी भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बरसात में पौधे लगाकर कोटा का करें हरित श्रंगार : राजेश बिरला

## कोटा यूथ फॉर चैरिटी ने किया पौधारोपण, बरसात में लगाएंगे 1100 पौधे

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** कोटा यूथ फॉर चैरिटी की और से कोटा में हरित कोटा अभियान शुरू किया गया है जिसके तहत बरसात के मौसम में जगह-जगह पौधा रोपण किया जाएगा साथ ही लोगों को इस अभियान से जोडा जाएगा ताकि अधिक से अधिक पौधे लगाए जा सकें। संस्था के संस्थापक दीपक राजानी एवं कमल खत्री ने बताया कि रविवार को दशहरा मैदान परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेश बिरला रहे।

उन्होंने इस दौरान कहा कि हमे कोटा को हरा-भरा करना है तो बरसात में बड़ी मात्रा में पौधारोपण करना होगा। कोटा का हरित श्रंगार होगा तभी इस भीषण गर्मी से राहत पाई जा सकती है। विशिष्ट अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि हम सभी का नैतिक दायित्व है कि हम हमारे आसपास के क्षेत्र में पौधे लगाए और अधिक सक्षम हैं तो शहर में पार्कों व सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाकर पर्यावरण संतुलन में मदद करें। एक पौधा लगाना कई गुना पुण्यदायी है। भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि भाजपा के विभिन्न संगठन बरसात में बडें स्तर पर पौधा रोपण करेंगे साथ ही उनकी देखभाल की भी जिम्मेदारी लेंगे। राजानी ने कहा कि हमारा प्रयास करेगा की इस बरसात में कम से कम 1100 पौधे संस्था की और से लगाए जाएंगे साथ ही आमजन को इस अभियान से जोडा जाएगा। उन्होंने कहा कि इन 1100 पौधों की देखरेख का पूरा जिम्मा संस्था सदस्य लेंगे।

इस अवसर पर कुलविंदर सिंह धंजल, कोटा युथ फॉर चैरिटी के कमल खत्री, तरुण चेनानी, कुलविंदर सिंह, अमोल, यश, योगेश रोहिरा, नितिन दायनी, सतीश ढींगरा, कपिल सेवानी, कमल सेवानी, गिरीश वनवाणी, अभिषेक दयानी, कोटा यूथ फॉर चैरिटी के उपस्थित सभी सम्मानित मेंबस, जिन्होंने अपना कीमती समय इस पुनीत कार्य के लिए निकला एवं इस कार्य का हिस्सा बने। कार्यक्रम के संयोजक कुलविंदर सिंह धंजल ने कहा कि टीम इस कार्य को पूरे गंभीरता से करेगी।

## अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा की ओर से देशभर में 181 स्थानो पर हुआ रक्तदान

### शहीद कैप्टन शुभम गुप्ता को दी श्रद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा की ओर से देशभर की 181 शाखाओं में रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। कोटा में भी तलवंडी स्थित अपना ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

समाज के युवा इंडियन आर्मी ऑफिसर व कैप्टन शुभम गुप्ता की शहादत को इस दौरान याद किया गया और उन्हें पुष्प अर्पित किए गए। शुभम कश्मीर में अपनी जान की परवाह किए बगैर दुश्मनों से लड़ते हुए शहीद हो गए थे, इसी को ध्यान में रखते हुए देशभर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 31 यूनिट्स रक्त का संग्रह किया गया।

कोटा शाखा अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता व मंत्री के पी गुप्ता ने कहा कि समाज का बेटा जहां देश के लिए शहीद हुआ वहीं उसने समाज को भी गौरांवित किया, उस बेटे की शहादत हमेशा याद की जाती रहेगी। केंद्रीय कार्य समिति वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज हमेशा से ही देश सेवा के लिए अग्रणी रहा है और शुभम की याद में रक्तदान शिविर कोटा में लगाया गया जो अनुकरणीय है। इस अवसर पर महिला अध्यक्ष रेनू गुप्ता ने कहा कि रक्क्तदान शिविर में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान वीरेंद्र गुप्ता, डॉ. रंजना गुप्ता, शिविर प्रभारी पूरण गुप्ता, सह प्रभारी अनिल गुप्ता विकास गुप्ता ने बताया कि रक्तदान शिविर में तीन बेटियों ने पहली बार रक्तदान किया जिसमें रितु, प्रियंका एवं खुशी गुप्ता शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से रक्तदान करने वालों में विकास, पूनम, अनिरुद्ध, दिनेश, अजय, ऋतु, सौरभ, राहुल, आरती, पियूष, पंकज, ओमकांत, राकेश, विपिन बिहारी,राहुल, गिरिराज प्रसाद प्रियंका सहित कई लोगों ने रक्तदान कर सेवा का संदेश दिया।

## अंबेडकर की मूर्ति तोड़ने पर विवाद, असामाजिक तत्वों की करतूत, पुलिस जांच में जुटी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कैथून थाना इलाके में अज्ञात बदमाशों ने भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को तोड़ दिया। जिसके बाद स्थानीय निवासियों में आक्रोश फैल गया। घटना कोटा ग्रामीण के बड़ोदिया गांव की है। रविवार को घटना का पता लगने के बाद स्थानीय लोग मौके पर एकत्रित हो गए और आक्रोश जताया। लोगों की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले में कैथून पुलिस जांच कर रही है। डिप्टी एसपी बेनी प्रसाद के अनुसार रविवार सुबह गांव में बाबा अंबेडकर की प्रतिमा खंडित करने की जानकारी ग्रामीणों से मिली थी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मुआयना किया। मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं ग्रामीण उच्छब वर्मा ने बताया कि गांव में बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित थी। रात 11 बजे तक तो ग्रामीण जाग ही रहे थे। रात एक बजे के बाद किसी ने देर रात को प्रतिमा को खंडित किया और प्रतिमा की गर्दन तोड़कर ले गए। सुबह ग्रामीणों को इस घटना की जानकारी मिली जिसके बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। सूचना पर बैरवा समाज के लोग और भीम आर्मी के कार्यकर्ता भी पहुंच गए थे। उन्होंने मांग की कि आरोपियों का पता लगे और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिले। ताकि दोबारा कोई ऐसी हरकत नहीं करे। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर 48 घंटे में कार्यवाही नहीं हुई और आरोपी नहीं पकड़े गए तो आंदोलन किया जाएगा।

## दिलावर के बयान को लेकर गुंजल बोले शिक्षा मंत्री ने किया भद्दा मजाक

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के आदिवासियों से जुड़े बयान को लेकर अब आक्रोश सामने आ रहा है। मदन दिलावर के आदिवासी समुदाय की डीएनए जांच को लेकर दिए बयान पर कांग्रेस हमलावर हो रही है। वहीं दूसरी तरफ युवाओं ने मदन दिलावर के आवास के बाहर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। दिलावर के बयान को लेकर कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल ने कहा कि दिलावर ने आदिवासी समुदाय को लेकर जो बयान दिया है, उससे मुझे गहरी आपत्ति है। राज्य का शिक्षा मंत्री ऐसा बयान दे। प्रदेश का शिक्षा मंत्री जिसके जिम्मे राजस्थान की संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी शिक्षा के जरिए हो, वह व्यक्ति ऐसा भद्दा मजाक आदिवासी समाज का उड़ा दें, ऐसे बयान देने वाले व्यक्ति को शिक्षा मंत्री रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

पूरे आदिवासी समुदाय की ओर से और मेरी खुद की तरफ से मैं दिलावर से इस्तीफे की मांग करता हूं और दिलावर से मांग करता हूं कि वह पूरे आदिवासी समाज से माफी मांगे।रविवार को कुछ युवाओं ने मदन दिलावर के रंगबाडी स्थित आवास के बाहर प्रदर्शन किया। मामले में युवाओं ने दिलावर के घर के बाहर बैठकर नारेबाजी की। इसके बाद इस्तीफे की मांग की और दिलावर के पीए को ज्ञापन सौंपा।

## श्री विद्या भारती संस्थान चित्तौड़गढ़ ने साधारण सभा की बैठक में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन( नि.स. )।** श्री विद्या भारती संस्थान चित्तौड़गढ़ की साधारण सभा की बैठक का रविवार को स्थानीय गांधी नगर विद्या निकेतन में आयोजन किया गया।जिसमे विद्या भारती चित्तौड़गढ़ प्रान्त अध्यक्ष डॉ. संतोष आनंद एवं मंत्री सुरेंद्र कुमार अरोड़ा सहित जिला कार्यकारिणी के सम्मानित सदस्य,संस्थान द्वारा जिले में संचालित विद्यालयों के अध्यक्ष, सचिव,कोषाध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया।इस दौरान जिला मंत्री ज्ञान मेहता ने गत सत्र का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा निवर्तमान कोषाध्यक्ष धर्मनारायण भारद्वाज द्वारा नवीन सत्र का बजट प्रस्तुत किया गया।जिसे कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। इधर संस्थान की कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने पर अध्यक्ष ललितप्रकाश शारदा द्वारा कार्यकारिणी भंगकर नवीन कार्यकारिणी के गठन का प्रस्ताव रखा गया।जिस पर संस्थान द्वारा चुनाव अधिकारी बालुदास वैष्णव की उपस्थिति में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया।उक्त नवीन कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से अध्यक्ष ललितप्रकाश शारदा,उपाध्यक्ष सुशीला लढ़ा,अशोक कुमार,मंत्री ज्ञान मेहता,सहमंत्री धर्मनारायण भारद्वाज, बाबूसुबोध शर्मा एवं कोषाध्यक्ष जगदीश पद पर चन्द्र टेलर की निर्वाचित घोषित किया गया।साथ ही नवीन जिला कार्यकारिणी,प्रबन्ध समिति एवं प्रधानाचार्यों की प्रान्त टोली के साथ संपन्न बैठक में इस वर्ष की कार्य योजनाओं एवं विकास पर विस्तार से चर्चा की गयी।

## मीणा समाज की तहसील कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से रामदेव मीणा को चुना अध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**अन्ता ( नि.स. )।** मीणा समाज की तहसील कार्यकारणी का गठन किया गया जिसमे जिलाअध्यक्ष एवम जिला कार्यकारणी व वरिष्ठ जनो द्वारा कार्यकारणी का गठन किया जिसमे सर्व सहमति से अन्ता तहसिल अध्यक्ष रामदेव मीणा ( रि 0प्रिंसीपल) उपाध्यक्ष रामफूल मीणा ( रि 0 प्रधानाध्यापक )कोषाध्यक्ष रामचरण मीणा नवलपुरा वाले महामन्त्री राजेन्द्र मीणा (तिसाया वाले ) (बबलू मीणा (मीडिया प्रभारी )दुर्गाशंकर अन्ता (संगठन मन्त्री ) कमल मीणा तामखेड़ा ( मंण्डल अध्यक्ष ) कार्यालय मन्त्री कृष्ण मुरारी पचेल खुर्द हरिओम ( सह .अध्यक्ष ) हरिओम रघुवीर ( प्रवक्ता राधेश्याम तामखेड़ा ( प्रचार प्रसार मन्त्री ) आदी को बनाया गया और सबनेअपने अपने विचार प्रकट किय इसके साथ जिला कार्यकारणी जिला अध्यक्ष प्रथ्वीराज मीणा कोषाध्यक्ष कन्हेयालाल महुआ महामन्त्री गिरिराज बामली कर्मचारी संगठन जिला अध्यक्ष मुकुट मीणा (अध्यापक )राकेश मीणा बामन हेड़ा (कर्मचारी ब्लोक अध्यक्ष एवम ) ( रमेश मीणा छबड़ा हरिश आमापुरा .रामप्रसाद भटवाड़ा ( उपाध्यक्ष ) प्रेमजी खेडली (महासचिव ) बद्रीलाल हरसोली (जिला मन्त्री ) पृथ्वीराज मीणा फायर मेन हरिओम भड़सुई एवम गंजानन्द मीणा घनश्याम मारन कार्यकारणी सदस्य आदी उपस्थित रहे ।

## कृषि विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह कल, फसलों की चार नई किस्मों का होगा लोकार्पण



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कृषि विश्वविद्यालय, कोटा ने फसलों की 4 नई किस्मों की खोज की है। इसके अलावा विश्वविद्यालय की ओर से अब तक 31 फसलों की किस्म विकसित की जा चुकी है। इसे विश्वविद्यालय की बड़ी उपलब्धि माना जा सकता है।विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. अभय कुमार व्यास ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि सातवां दीक्षांत समारोह 25 जून को कैंपस में ही होगा. उस समारोह में नई खोजी गई फसलों की चार किस्मों का लोकार्पण भी होगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल कलराज मिश्र करेंगे।

समारोह में प्रदेश के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा भी मौजूद रहेंगे। दीक्षांत अतिथि आईसीएमआर के पूर्व महानिदेशक डॉ. पंजाब सिंह होंगे। कुलपति डॉ.व्यास ने बताया कि समारोह के दौरान नए विकसित किए गए बीजों का लोकार्पण भी होगा।इसमें कोटा देसी चना-2, कोटा देसी चना-3, कोटा काबुली चना-4 और उड़द-6 शामिल हैं।

इस समारोह के दौरान साल 2022-23 का चांसलर गोल्ड मेडल अश्विनी मेहता को दिया जाएगा. वे स्नातकोत्तर कृषि में अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन के छात्र हैं।

इसी तरह से वीसी गोल्ड मेडल वर्ष 2022-23 की स्नातक ऑनर्स उद्यानिकी की स्टूडेंट श्वेता चुग को दिया जाएगा।

## शातिर चेन स्नैचर मंगल शर्मा उर्फ मंगल गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने बनीपार्क थाना इलाके में चैन स्नेचिंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शातिर चैन स्नैचर मंगल शर्मा उर्फ मंगल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से दो सोने की चैन एवं वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस पूछताछ में आरोपी से जयपुर शहर में हुई चेन स्नेचिंग की और भी वारदातों का खुलासा होने की संभावना है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि सीएसटी ने बनीपार्क थाना इलाके में चैन स्नैचिंग के खिलाफ कार्वाई करते हुए शातिर चैन स्नैचर मंगल शर्मा उर्फ मंगल निवासी डीडवाना जिला कुचामन डीडवाना हाल शास्त्री नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चैन स्नैचर का अपराध करने के आदि है।

## अंगदान करना जीवन का सबसे बड़ा दान है : डॉ. प्रतिमा जायसवाल




बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** जनजागृति मंच कोटा की ओर से रविवार को स्वास्थ्य एवं देहदान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्था के महासचिव सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम में डॉ. प्रतिमा जायसवाल ने स्वास्थ्य से जुड़ी बारीकियों को समझाया। उन्होंने मरणोपरांत देहदान के बारे में भी जानकारी दी।डॉ. जायसवाल ने बताया कि समाज में देहदान व अंगदान को लेकर कई भ्रांतियां हैं। जागरूकता का भी अभाव है। यही वजह है कि लोग अपने परिवार के किसी भी सदस्य की मौत होने पर देहदान व अंगदान करने से बचते हैं। जबकि अंगदान और देहदान से दूसरे को जीवन दिया जा सकता है। शरीर का अंगदान करना जीवन का सबसे बड़ा दान है। इसके लिए सभी को जागरूक होना चाहिए, ताकि दूसरे का जीवन बच सके। संस्था अध्यक्ष डॉ. जगदीश शर्मा ने आभार प्रकट किया।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# वेल्डिंग के दौरान ट्रेलर का डीजल टैंक फटा, दुकानदार की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर के करधनी में वेल्डिंग करते समय एक ट्रेलर का डीजल टैंक फटने से आग लग गई। धमाके के साथ ट्रेलर में भीषण आग लग गई। आग में झुलसने से वेल्डिंग करने वाले दुकानदार की मौत हो गई। वहीं, ट्रेलर ड्राइवर का इलाज चल रहा है। करधनी थाने में शनिवार को मृतक के भतीजे ने लापरवाही के चलते मौत का मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस के अनुसार मृतक अब्बास हुसैन (45) संजय नगर-बी झोटवा ?ा के रहने वाले थे। वह करीब 4 साल से कनकपुरा कंटेनर डिपो के पास लक्ष्मी नगर में अगवान फेब्रिकेशन एंड रोलिंग शटर के नाम से शॉप करते थे। 13 जून को दोपहर वह परिचित दौलतराम कुमावत के साथ दुकान पर बैठे थे। दोपहर करीब 3 बजे दुकान के बाहर एक ट्रेलर आकर रुका। नीचे उतरकर आए ड्राइवर ने ट्रेलर में वेल्डिंग करने के लिए कहा। दुकानदार अब्बास हुसैन ने ड्राइवर को ट्रेलर की बैटरी के तार और डीजल टैंक का ढक्कन खोलने के बाद बताने के लिए कहा। कुछ देर बाद ट्रेलर ड्राइवर ने बैट्री के तार और डीजल टैंक का ढक्कन खोलना बताया।

### धमाके साथ फटे डीजल टैंक से लगी आग

विश्वास में अब्बास हुसैन ने बिना चैक किए वेल्डिंग करना शुरू कर दिया। वेल्डिंग करते समय अचानक ट्रेलर की बैटरी में आग लग गई। आग डीजल टैंक तक पहुंच गई। जो धमाके साथ फट गया। आग ने ट्रेलर को अपनी चपेट में ले लिया। आग से दुकानदार अब्बास हुसैन और ट्रेलर ड्राइवर बुरी तरफ झुलस गए। हादसे की सूचना पर करधनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गंभीर झुलसी हालत में दोनों को एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। पुलिस ने फायर बिग्रेड की मदद से आग पर काबू पाया, लेकिन ट्रेलर जलकर कबाड़ में बदल गया। हॉस्पिटल में इलाज के दौरान 17 जून को दुकानदार अब्बास हुसैन की मौत हो गई। घायल ट्रेलर ड्राइवर को इलाज चल रहा है।

# नीट-यूजी में गड़बड़ी, सीबीआई ने पहली एफआईआर दर्ज की

### जांच के लिए दो टीम पटना-गोधरा जाएंगी; ग्रेस मार्क्स वाले 1563 छात्रों की परीक्षा खत्म




**नई दिल्ली।** नीट-यूजी एग्जाम में हुई गड़बड़ियों को लेकर एजुकेशन मिनिस्ट्री की शिकायत पर रविवार 23 जून को सीबीआई ने पहली एफआईआर दर्ज की। मिनिस्ट्री से मिले कुछ रेफरेंस के आधार पर अनजान लोगों के खिलाफ आईपीएस के सेक्शन 120-क्क (क्रिमिनल कॉन्स्पिरेसी) और 420 (चीटिंग) समेत कई धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई। जांच के लिए सीबीआई ने दो स्पेशल टीम बनाई हैं, जो पटना और गोधरा जाएंगी। केंद्र सरकार ने 22 जून की रात जांच की जिम्मेदारी सीबीआई को सौंपी थी। इससे पहले सरकार ने शनिवार रात 9 बजे एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) के डायरेक्टर जनरल सुबोध कुमार सिंह को हटा दिया था। उनकी जगह प्रदीप सिंह खरोला को नया डीजी नियुक्त किया गया। वहीं, 5 मई को हुई नीट परीक्षा के रिजल्ट में ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 कैंडिडेट्स के लिए रविवार को रीएग्जाम हुआ। एग्जाम दोपहर 2 बजे से शाम 5:20 बजे के बीच शेड्यूल किया गया था। कई छात्र परीक्षा में शामिल नहीं हुए। चंडीगढ़ में सिर्फ दो कैंडिडेट्स के लिए एग्जाम सेंटर बनाया गया, दोनों ही नहीं पहुंचे।

## उदयपुर के कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा और राज्यपाल कटारिया का दर्द आया सामने

# उसी की अंगुली काटने का प्रयास करते हैं जिसकी पकड़कर चलना सीखते हैं : राजे

## संत का सम्मान होता है, संघ प्रचारक को रोटी भी नहीं मिलतीः कटारिया

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर(नि.स.)।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि आज लोग उसी की अंगुली काटने का प्रयास करते हैं, जिसे पकड़कर वो चलना सीखते हैं। राजे उदयपुर में विशिष्ट जन सम्मान समारोह में पहुंची थीं। कार्यक्रम में असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया भी मौजूद रहे। इस दौरान कटारिया की मंच पर एक संघ कार्यकर्ता से बहस भी हो गई और उन्होंने बुजुर्ग को मंच से धकेल दिया। इससे पहले कटारिया ने कहा किकोई साधु-संत बन जाए तो उनका सम्मान होता है। संघ प्रचारक को कोई रोटी खिलाने वाला आदमी नहीं मिलता, कोई सोने की जगह देने वाला आदमी नहीं मिलता। भंडारीजी उनमें से एक थे। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग कार्यकर्ता पूर्व मुख्यमंत्री का सम्मान करना चाहता था, लेकिन कटारिया ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने कार्यकर्ता को जबरन मंच से उतार दिया है। इससे पहले राजे ने कहा कि गुलाबचंद कटारिया ने चुन-चुनकर लोगों को भाजपा से जोड़ा है। सभी तालियां बजाएं। इनका आना-जाना, बैठना और मिलना हमने सब देखा है। वहीं, कटारिया ने भंडारी के संघ प्रचारक के तौर पर उनके प्रयासों की चर्चा की। कार्यक्रम जनसंघ के संस्थापक सदस्य रहे सुंदर सिंह भंडारी की पुण्यतिथि और संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया।

### राजे ने बुजुर्ग संघ कार्यकर्ता से बात की

राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया से जिस संघ कार्यकर्ता की बहस हुई थी। उससे वसुंधरा राजे ने कार्यक्रम के बाद मुलाकात की। कार्यकर्ता विजय सुवालका ने राजे को माला भी पहनाई।

### बीच-बीच में सम्मान से व्यवस्था बिगड़ती हैः कटारिया

जनसंघ कार्यकर्ता को धकेलने पर कटारिया ने कहा कि हमारे कार्यक्रम के बीच कोई विघ्न नहीं हो सकता है। अनुशासित कार्यक्रम है और बीच में आकर सब वसुंधरा जी को माला पहनाने लग जाएंगे तो व्यवस्था बिगड़ जाएगी। कार्यक्रम के बाद सब आकर माला पहनाएं कोई मनाही नहीं है।




### वफा का वह दौर अलग थाः राजे

राजे ने कहा कि भंडारी जी ने राजस्थान में भैरों सिंह जी सहित कितने ही नेताओं को आगे बढ़ाया, पर वफा का वह दौर अलग था। तब लोग किसी के किए हुए को मानते थे। लेकिन, आज तो लोग उसी अंगुली को पहले काटने का प्रयास करते हैं, जिसको पकड़ कर वह चलना सीखते हैं। भंडारी जी झूठ नहीं बोलते थे। आपातकाल में दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पुलिस ने उनसे नाम पूछा। उन्होंने सच बता दिया और गिरफ्तार हो गए।

# जमानत पर रोक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे केजरीवाल

## दो दिन पहले निचली अदालत ने बेल दी थी, ईडी की अर्जी पर हाईकोर्ट ने रोक लगाई

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जमानत को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए हैं। केजरीवाल के वकीलों ने इस पर कल, यानी 24 जून को सुनवाई की मांग की है। दरअसल, 21 मार्च को दिल्ली हाईकोर्ट की वेकेशनल बेंच ने ईडी की याचिका पर सुनवाई करते हुए फैसला सुनाए जाने तक जमानत पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि हम 24-25 जून तक फैसला सुनाएंगे। तब तक जमानत पर रोक रहेगी। 20 जून को शाम 8 बजे राउज एवेन्यू कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को जमानत दे दी थी। जज न्याय बिंदु की बेंच ने कहा था कि ईडी के पास अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कोई सीधे सबूत नहीं हैं। कोर्ट ने केजरीवाल को 1 लाख के बेल बॉन्ड पर जमानत दे दी थी। लोअर कोर्ट के फैसले के विरोध में ईडी ने 21 जून को दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई।

जस्टिस सुधीर जैन और जस्टिस रविंदर डुडेजा की बेंच में ईडी के वकील एसवी राजू ने कहा- लोअर कोर्ट का फैसला सही नहीं है। हमें दलीलें रखने का पूरा समय नहीं मिला। ईडी की ओर से एएसजी एसवी राजू, केजरीवाल की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी और विक्रम चौधरी ने करीब 5 घंटे दलीलें रखीं थीं। बेंच ने 5 घंटे की सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया और सभी वकीलों से सोमवार (24 जून) तक लिखित दलीलें दाखिल करने को कहा है।

# लापता संविदाकर्मी का शव मिलने के बाद हंगामा, एसएचओ और हैड कांस्टेबल लाइन हाजिर

## पुलिस पर आरोप : लापरवाही बरती और आरोपियों ने मार कर फेंक दिया

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर (नि.स.)।** अजमेर में 18 जून को लापता हुए 20 साल के संविदाकर्मी का शव कुएं में मिला तो ग्रामीणों ने कुएं के पास ही धरना दे दिया। पुलिस को शव नहीं निकालने दिया। आरोप लगाया कि पुलिस ने लड़के की तलाश में लापरवाही बरती। ऐसे में आरोपियों ने उसका मर्डर कर कुएं में फेंक दिया। रविवार को पुलिस के उच्च अधिकारियों ने पुलिस की लापरवाही को माना और थाना इंचार्ज व हेड कॉन्स्टेबल को लाइन हाजिर कर दिया।

ब्यावर एसपी नरेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि मामला जिले के बिजयनगर थाना इलाके का है। थाना इलाके के बहादुरपुरा गांव निवासी दिलखुश गुर्जर (20) पुत्र गिरधारी 18 जून को घर से पैदल निकला था। उसका शव शनिवार दोपहर को नजदीकी गांव जयसिंहपुरा में कुएं में मिला। दिलखुश बिजयनगर नगरपालिका में संविदाकर्मी था। मामले में शनिवार पूरी रात परिजन व ग्रामीण कुएं के पास धरना देकर बैठे रहे। रविवार सुबह आईजी के निर्देश पर ब्यावर एसपी ने लापरवाही मानते हुए बिजयनगर थाना प्रभारी करण सिंह खंगारोत व हेड कॉन्स्टेबल विजेन्द्र सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है। इसके बाद कुएं से बॉडी निकाली गई। परिजन की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है।

दिलखुश के भाई ओम प्रकाश गुर्जर ने बताया- दिलखुश 18 जून को घर से निकला। आखिरी बार उसने फोन पर चेतन गुर्जर नाम के युवक से बात की थी। चेतन भीलवाड़ा के कानिया गांव का रहने वाला है। बिजयनगर थाने में 19 जून को गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने चेतन को थाने लाकर पूछताछ की और छोड़ दिया। शनिवार सुबह बिजयनगर तहसील दफ्तर पहुंचे और तहसीलदार शिल्पा चौधरी को ज्ञापन सौंपकर सुराग नहीं लगने पर रोष भी जताया। ज्ञापन सौंपने के 4 घंटे बाद दोपहर को पुलिस को कुएं में लाश होने की सूचना मिली। कुएं के पास दिलखुश के जूते मिले।

### ग्रामीणों ने रखी थी ये मांगें

ग्रामीणों ने बिजयनगर थानाधिकारी करण सिंह खंगारोत को सस्पेंड करने, पोस्टमॉर्टम उच्चस्तरीय मेडिकल बोर्ड-एफएसएल से कराने, सीबीआई को मामला सौंपने, बिजयनगर थाने के अलावा दूसरी टीम से मामले की जांच कराने, परिवार को 50 लाख का आर्थिक मुआवजा देने व चेतन गुर्जर को गिरफ्तार करने की मांग की। शनिवार रातभर ग्रामीण धरने पर बैठे रहे। रविवार सुबह पुलिस के उच्च अधिकारियों ने जब उन्हें एसएचओ और हेड कॉन्स्टेबल को लाइन हाजिर करने व बाकी मांगों पर गौर करने का आश्वासन दिया तो वे शव निकालने को तैयार हुए। रविवार को बॉडी निकालकर बिजयनगर हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी पहुंचाया गया है। जहां पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की गई।

# अंत्योदय की संकल्पना को साकार करने में एनजीओ एवं सिविल सोसायटी की अहम भूमिका - मुख्यमंत्री शर्मा

## कहा : महत्वपूर्ण सुझावों का विश्लेषण कर किया जाएगा बजट में शामिल

जयपुर(बढ़ता राजस्थान)

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में एनजीओ एवं सिविल सोसायटी की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि एनजीओ तथा सिविल सोसायटी के सदस्य जमीनी स्तर पर काम कर अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में एनजीओ, सिविल सोसायटी एवं उपभोक्ता फोरम प्रतिनिधियों से बजट पूर्व संवाद को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठनों को नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा, शिक्षा, पोषण, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू कल्याण तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में काम करने का अनुभव होता है। इस बजट पूर्व चर्चा में प्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों का परीक्षण कर उन्हें आगामी परिवर्तित बजट में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा।

**जनोन्मुखी बजट के लिए एनजीओ तथा सिविल सोसायटी की भागीदारी जरूरी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि समाज के सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए बजट को समावेशी एवं जनोन्मुखी रूप प्रदान किया जाए। इसके लिए स्वयंसेवी संगठनों तथा सिविल सोसायटी की भागीदारी भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास' की मूल भावना के साथ सभी हितधारकों से आगामी परिवर्तित बजट के लिए उपयोगी फीडबैक लिया जा रहा है।

श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान, महिलाओं को समान अवसर, गरीब कल्याण, किसानों का सामाजिक-आर्थिक विकास, युवा कल्याण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।



उन्होंने कहा कि प्रदेश का युवा नशे की प्रवृत्ति से दूर रहे, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा निरंतर जन-जागरूकता से लेकर नशा माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का कार्य किया जा रहा है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढीकरण, विस्तार तथा सहज उपलब्धता के लिए नीति निर्माण कर रही है। पंचायती राज मंत्री श्री मदन दिलावर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री अविनाश गहलोत तथा ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री ओटाराम देवासी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण अभियान के तहत पौधे लगाने का कार्य मिशन मोड पर किया जा रहा है।

बैठक में एनजीओ, सिविल सोसायटी तथा उपभोक्ता फोरम के प्रतिनिधियों ने सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, जल एवं पर्यावरण संरक्षण, कौशल विकास, अवसंरचना विकास, आदिवासी कल्याण, घुमंतू कल्याण, स्वरोजगार, गौसेवा, कचरा प्रबंधन, उपभोक्ता हितों के संरक्षण आदि संबंधित विषयों पर सुझाव साझा किए।

बजट पूर्व संवाद में मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज श्री अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त श्री अखिल अरोरा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) श्री शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता श्री कुलदीप रांका, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) श्री आलोक गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# एनसीपी विधायक के भतीजे ने गलत दिशा में फॉर्च्यूनर चलाई, बाइक सवार को टक्कर मारी, मौत

**पुणे।** पोर्श केस के बाद पुणे से हिट एंड रन का मामला सामने आया है। पुणे में शनिवार देर रात एक सड़क हादसा हुआ है। आरोप है कि एनसीपी विधायक (अजित पवार गुट) दिलीप मोहिते पाटिल के भतीजे मयूर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। हादसा पुणे-नासिक हाईवे पर एकलाहारे इलाके में हुआ है। मयूर फॉर्च्यूनर कार से गलत दिशा में चला रहा था।

# उन्नाव के डिप्टी एसपी को बना दिया कॉन्स्टेबल : होटल में महिला सिपाही के साथ पकड़े जाने पर हुआ डिमोशन

उन्नाव(बढ़ता राजस्थान)

आमतौर से लोगों का नौकरी में प्रमोशन होता है, लेकिन उन्नाव के डिप्टी एसपी रहे कृपा शंकर कनौजिया का डिमोशन करके कॉन्स्टेबल बना दिया गया। कानपुर के एक होटल में महिला सिपाही के साथ पकड़े जाने के बाद उन्हें डिमोट किया गया। कृपा शंकर ने पीएसी में कॉन्स्टेबल के पद से प्रमोशन पाकर डीएसपी तक पहुंचे थे। लखनऊ में अपर पुलिस महानिदेशक के 22 जून को जारी आदेश के बाद गोरखपुर में पीएसी की 26 बटालियन में उनकी तैनाती की गई है।

कृपा शंकर कनौजिया देवरिया के रहने वाले हैं। जुलाई 2021 में उनकी उन्नाव जिले की बीघापुर सर्किल में ष्ट्रह्र के पद पर तैनाती थी। इस दौरान एक महिला सिपाही से उनका अफेयर हो गया। महिला सिपाही की तैनाती उनके कार्यक्षेत्र में आने वाले एक थाने में थी। कृपा शंकर और महिला सिपाही दोनों पहले से शादीशुदा हैं। महिला का पति प्रयागराज के एक थाने में सिपाही के पद पर तैनात था। 6 जुलाई, 2021 को कृपा शंकर ने इलाज के लिए छुट्टी ली। उन्होंने पत्नी को घर आने की सूचना दी। लेकिन घर जाने की जगह महिला सिपाही के साथ कानपुर चले गए। वहां माल रोड स्थित एक होटल में दोनों ठहरे।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.)
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)